आर0एन0आई0 पंजी0 सं0 - UPHIN/2014/60049

अमर चेतना

वर्ष- 08, अंक- 124 | (हिन्दी दैनिक) | (प्रातः कालीन संस्करण) | फतेहपुर, बुधवार, 22 दिसम्बर 2021 | E-Mail:- amarchetnaftp@gmail.com | पृष्ठ-6, मूल्य- 3.00 रुपया

माताओं का आशीर्वाद है, उप्र को कोई अंधेरे में नहीं धकेल सकता : प्रधानमंत्री

⇨ नए यूपी में सुरक्षा भी, अधिकार भी, संभावनाएं भी, व्यापार भीः मोदी ⇨ संगमनगरी में मातृशक्ति के संगम में बोले मोदी, किसी के रोके नहीं रुकेगा यूपी का विकास

प्रयागराज, (संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए योगी सरकार की कोशिशों को नजीर बताया है। मंगलवार को मातृशक्ति-संगम के एक अनूठे कार्यक्रम में संगमनगरी प्रयागराज आए प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में नारी सशक्तिकरण के लिए जो काम हुआ है, उसे पूरा देश देख रहा है। पांच साल पहले यूपी की सड़कों पर गुंडों का राज था। बेटियों का स्कूल-कॉलेज जाना मुश्किल था। कुछ कह नहीं सकती थीं, बोल नहीं सकती थीं। अगर थाने गई तो अपराधी की सिफारिश में फोन आ जाता था, लेकिन योगी जी ने गुंडों को उनकी सही जगह पहुंचाया है। दो लाख से ज्यादा महिलाओं की सहभागिता वाले इस विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने

कहा कि यूपी के विकास की धारा अब किसी के रोकने से रुकने वाली नहीं है। पहले की सरकारों का दौर वापस नहीं आएगा। उन्होंने कहा है कि आज यूपी में सुरक्षा भी है, अधिकार भी है, संभावनाएं भी हैं और व्यापार भी है। इसे महिलाओं का आशीर्वाद है और इस नई यूपी में कोई वापस अंधेरे में नहीं धकेल सकता। महिला स्वयं सहायता समूहों की 16 लाख महिला सदस्यों के बैंक खाते में 1,000 करोड़ रुपये की धनराशि अंतरित करते हुए प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों को 'आत्मनिर्भर भारत की चैंपियन' कहा। उन्होंने कहा कि यह स्वयं सहायता समूह वास्तव में 'राष्ट्र सहायता समूह' है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना के तहत अगले कुछ महीनों में योगी सरकार हर गांव के हर घर की मैपिंग पूरी कर लेगी। फिर जो कागज बनेंगे, उसमें महिलाओं का नाम होगा। प्रधानमंत्री ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के राष्ट्रीय आह्वान का संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की भी सराहना की। योजनांतर्गत एक लाख कन्याओं के बैंक खाते में 20 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों को आगे बढ़ाने में पीछे नहीं रही है। कन्या सुमंगला योजना के तहत ढाई करोड़ बेटियों के अकाउंट खोले गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों शौचालय बनाए तो उज्ज्वला योजना में गैस सिलेंडर दिए। इससे उनके जीवन में सुविधा बढ़ी और नारी गरिमा भी बढ़ी। पीएम ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत भी सबसे ज्यादा फायदा बहनों को ही मिला है।

बीसी सखी छोटी नहीं,महिलाओं का जीवन बदलने का प्रयास है

उत्तर प्रदेश में बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंस सखी योजना को महिलाओं के जीवन में बड़े बदलाव का कारक बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने योजना की महत्ता का भी जिक्र किया। कहा, कि जो लोग इसे एक छोटी योजना कहते हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि यह बैंकिंग सखी 75 हजार करोड़ रुपये का लेनदेन कर रही हैं। अब सरकार के भेजे रुपये लेने बैंक जाने की जरूरत नहीं। गांव की बेटी गांव में ही घर पर जाकर पैसे दे देगी। कार्यक्रम में 202 पूरक पोषण निर्माण इकाइयों के शिलान्यास करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पोषण वाला राशन अब महिलाएं खुद बनाएंगी। यह बहुत बड़ा काम है। सालाना हजारों करोड़ रुपए का काम है। जिन 202 पुष्टाहार यूनिट का आज शिलान्यास हुआ है, उससे महिलाओं की आमदनी बढ़ेगी।

नारी गरिमा और स्वाभिमान के लिए काम कर रही उप्र सरकारः मुख्यमंत्री योगी

प्रयागराज में महिला सशक्तिकरण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री

प्रयागराज, (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां कहा कि वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था। उसका परिणाम आज हम सब देख रहे हैं। महिलाओं को अधिकार दिलाने में मोदी सरकार ने बहुत बड़े-बड़े कार्य किये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ महिलाओं को दिया जा रहा है। संगम नगरी में महिला सशक्तिकरण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रत्येक गांव में स्वामित्व योजना के तहत अधिकतर महिलाओं के नाम भूमि की जा रही है। आज मै कह सकता हूं कि आधी आवादी को अधिकार मिल रहा है। राज्य के प्रत्येक गांव में बैंकिंग सखी काम कर रही हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी 202 पुष्टाहार का प्लांट लगाने का शुभारम्भ कर रहे हैं।

महिलाओं को इसके माध्यम से रोजगार मिलने जा रहा है। योगी ने कहा कि 2017 में जब मुझे मुख्यमंत्री बनाया गया तो प्रधानमंत्री जी ने हम से कहा था कि प्रदेश में महिलाओं और पुरुषों के अनुपात को सुधारना है। हमारी सरकार ने मुखविर योजना के तहत भ्रूण हत्या पर विराम लगाया। कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के दौरान अलग-अलग चरणों में 15 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। संगम नगरी में मातृ शक्ति का संगमें देखने को मिल रहा है। आज मजबूती से कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री के अनुरूप प्रदेश सरकार नारी गरिमा और उनके स्वाभिमान के लिए पूरी सिद्दत से काम करेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज की धरती पर ही सफाई कर्मियों का पैर धुले थे। बाबा विश्वनाथ धाम के लोकॉर्पण कार्यक्रम में श्रमिकों पर पुष्प वर्षा कर प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मान किया था। आज मातृ शक्ति को के बारे में अपने विचार व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने मातृशक्ति के लिए खजाने को खोल दिया है। ऐसे में हम उनका तहेदिल से स्वागत करते हैं।

गीता शाक्य ने कहा कि मैं इटावा से सम्बंधित हूं। इसलिए जानती हूं कि इटावा में महिलाओं के साथ सरेआम अभद्र व्यवहार होता था, लड़कियों को उठा लिया जाता था। जो महिलाओं के प्रति ऐसा भाव रखते हैं वह सांसद या मंत्री रहने लायक नहीं हैं।

पाकिस्तानी दुष्प्रचार पर भारत की बड़ी कार्रवाई 20 यूट्यूब चैनल और दो वेबसाइट्स ब्लाक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाने से पाकिस्तान बाज नहीं आता। हालांकि, वह इसमें सफल नहीं हो पाता और लगातार मुंह की खाता है। भारत से उसे कड़ा जवाब भी मिलता है और उसे शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है, लेकिन वह फिर भी नहीं मानता। भारत सरकार ने इसके मद्देनजर एक बाद फिर बड़ी कार्रवाई की है। भारत के खिलाफ दुष्प्रचार और फेक न्यूज फैलाने के मामले में 20 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल और दो वेबसाइट्स पर ब्लाक कर दिया गया है। भारत सरकार ने इसकी जानकारी दी है। बता दें कि यह कार्रवाई सोमवार को हुई है। दैनिक जागरण ने यह जानकारी सबसे पहले सोमवार को ही इसकी जानकारी दे दी थी। भारत सरकार ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि खुफिया एजेंसियों के समन्वय में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार इंटरनेट पर भारत विरोधी प्रचार और फेक न्यूज फैलाने वाली यूट्यूब पर 20 चैनलों और 2 वेबसाइटों को ब्लाक करने का आदेश दिया। चैनल और वेबसाइट पाकिस्तान से संचालित हो रहे थे। भारत से संबंधित विभिन्न संवेदनशील विषयों के बारे में फर्जी खबरें फैला रहे थे। भारत सरकार की ओर से दी गई जानकारी में आगे कहा गया कि चैनलों का इस्तेमाल कश्मीर, भारतीय सेना, भारत में अल्पसंख्यक समुदायों, राम मंदिर, सीडीएस जनरल बिपिन रावत आदि जैसे विषयों पर दुर्भावना से भरे कंटेंट पोस्ट करने के लिए किया गया था। इन यूट्यूब चैनलों ने किसानों के विरोध प्रदर्शन, नागरिकता कानून के खिलाफ विरोध जैसे मुद्दों पर भी कंटेंट पोस्ट की थी। इनके माध्यम से सरकार के खिलाफ अल्पसंख्यकों को भड़काने की भी कोशिश हो रही थी।

पंजाब के स्कूलों में 24 से 31 दिसंबर तक सर्दी की छुट्टियां

मोहाली, एजेंसी। पंजाब में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों में सर्दी की छुट्टियां घोषित कर दी हैं। सभी स्कूल 24 दिसंबर से 31 दिसंबर तक बंद रहेंगे। इस संबंधी शिक्षा विभाग की तरफ से आदेश जारी कर दिए गए हैं जिन्हें तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है। नियमों का पालन न करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार से अचानक पंजाब में सर्दी बढ़ गई है। इसके अलावा ओमिक्रॉन का खतरा भी बना हुआ है। ऐसे में शिक्षा विभाग भी बच्चों की सेहत को लेकर काफी गंभीर हो गया। इसी मामले में सोमवार को उच्च अधिकारियों की मीटिंग हुई जिसमें इस मामले पर गंभीरता से विचार किया गया। इसके बाद स्कूलों में छुट्टियों संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। शिक्षा विभाग की तरफ से जारी आदेश सरकारी, प्राइवेट एडेड व मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होंगे।

अब वोटर आईडी से जुड़ेगा आधार : चुनाव सुधार बिल को राज्यसभा की भी मंजूरी

फर्जी वोटर कार्ड से होने वाली गड़बड़ी रोकी जा सकेगी

नयी दिल्ली, एजेंसी। देश में चुनाव सुधार का अहम बिल राज्यसभा में पास हो गया है। इस बिल को विपक्ष के हंगामे के बीच पारित किया गया। इससे पहले लोकसभा ने इसे सोमवार को ही मंजूरी दे दी थी। दोनों सदनों की मंजूरी के बाद इलेक्शन रिफॉर्म के बिल को राष्ट्रपति के दस्तखत के लिए भेजा जाएगा। इसके तहत वोटर आईडी कार्ड से आधार नंबर को लिंक किए जाने का प्रावधान है। इससे पहले, कैबिनेट ने जब इस बिल को मंजूरी दी थी, तब कहा गया था कि आधार को वोटर कार्ड से जोड़ने से फर्जी वोटर आईडी कार्ड से होने वाली गड़बड़ी रोकी जा सकेगी। सरकार ने चुनाव आयोग की सिफारिश के आधार पर ही यह फैसला किया था। उधर, लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल करने का बिल लोकसभा में पास नहीं हो सका। विपक्ष के हंगामे के बीच यह बिल संसदीय समिति के पास विचार के लिए भेज दिया गया। सदन में महिला व बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बाल विवाह निषेध (संशोधन) अधिनियम, 2021 को पेश किया था। हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही 22 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई। प्रस्तावित बिल देश के युवाओं को हर साल चार अलग-अलग तारीखों पर खुद को वोटर के तौर पर रजिस्टर करने की इजाजत भी देगा। यानी, वोटर बनने के लिए अब साल में चार तारीखों को कटऑफ माना जाएगा। अब तक हर साल पहली जनवरी या उससे पहले 18 साल के होने वाले युवाओं को ही वोटर के तौर पर रजिस्टर किए जाने की इजाजत है।

अमित शाह के नए मंत्रालय में मिल रहा जॉब

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नए सहकारिता मंत्रालय में फटाफट नौकरी मिल रही है। यदि आपकी आयु निकल गई है, यह चिंता तो बिल्कुल न करें। आपके पास अनुभव है तो 65 साल में भी नौकरी मिल जाएगी। इतना ही नहीं, नौकरी के लिए आवेदन जमा कराना, लिखित प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार, मेडिकल और नियुक्ति पत्र का इंतजार, ये सब झंझट नहीं है। आवेदन जमा कराने से लेकर नियुक्ति पत्र मिलने तक, इन सब कार्यों के लिए 15 से 20 दिन का वक्त तय किया गया है। केंद्र सरकार में सहकारिता मंत्रालय का गठन इसी साल हुआ है। इसकी कमान गृह मंत्री अमित शाह को सौंपी गई है। मंत्रालय में इन दिनों तेजी से भर्तियां चल रही हैं। प्रतिनियुक्ति पर भी अधिकारियों को बुलाया जा रहा है। मध्यम एवं निचले स्तर के पदों पर जो भर्ती हो रही है, उसे कंसलटेंट का नाम दिया गया है।

खुले में नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं देगी हरियाणा सरकार

शक्ति प्रदर्शन नहीं करने देंगे : सीएम

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा में साफ कर दिया कि मुस्लिम समुदाय के लोगों को खुले में नमाज पढ़ने की इजाजत किसी सूरत में नहीं दी जा सकती। गुरुग्राम में खुले में नमाज पढ़ने को लेकर वहां कई बार टकराव के हालात हो चुके हैं। मंगलवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन यह मुद्दा उठा। शून्यकाल के दौरान नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने इस मुद्दे पर सरकार पर धर्म के नाम पर राजनीति करने के आरोप जड़े। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी धर्मों के लोगों को पूजा-पाठ, अरदास और नमाज पढ़ने के अधिकार हैं। सभी धर्मों की रक्षा करना मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है। विवाद बढ़ता देख सीएम मनोहर लाल ने सदन में कहा कि हमने किसी को पूजा-पाठ और नमाज अदा करने से नहीं रोका। लेकिन खुले में शक्ति प्रदर्शन करना सही नहीं है। पूजा-पाठ, अरदास व नमाज के लिए मंदिर-मस्जिद, गुरुद्वारे व धार्मिक जगह तय हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में खुले में नमाज़ को लेकर कुछ लोग विरोध कर रहे थे। हम भाईचारा और आपसी सौहार्द बनाए रखना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम के डीसी की इस बाबत स्थानीय लोगों से बातचीत चल रही है। वहां पार्क या किसी भी सार्वजनिक जगह को धार्मिक कार्यों के लिए चिह्नित किया जा सकता है। इस पर आफताब अहमद ने कहा कि वक्फ बोर्ड की प्रापर्टी पर लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए हैं।

निलम्बित सांसदों की बहाली के लिए विपक्ष का मार्च

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस, द्रमुक, शिव सेना सहित प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने लखीमपुर खीरी मामले में गृह राज्य मंत्री को बर्खास्त करने तथा राज्य सभा के सदस्यों का निलम्बन रद्द करने की मांग को लेकर आज संसद भवन से विजय चौक तक मार्च किया। विपक्ष के सदस्यों ने मंगलवार को संसद भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा से विजय चौक तक मार्च निकाला। इन दलों के नेताओं ने पिछले सप्ताह भी संसद भवन से विजय चौक तक मार्च निकाला था। निलम्बित सदस्य शीतकालीन सत्र के आरंभ में निलम्बित किये जाने के बाद से ही संसद भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष धरना दे रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लखीमपुर खीरी नरसंहार में शहीद किसानों के परिजनों को न्याय दिलाने की उनकी जंग जारी है। विपक्ष के मार्च का नेतृत्व कर रही कांग्रेस का कहना है, हमारी मांग स्पष्ट है,..प्रधानमंत्री को अपने प्रिय गृह राज्य मंत्री को पद से बर्खास्त करना ही होगा। इससे पहले विपक्ष के सदस्यों ने सुबह राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में बैठक की जिसमें राज्य सभा सदस्यों के निलंबन को रद्द करने, लखीमपुर खीरी मुद्दे पर गृह राज्य मंत्री के इस्तीफे की मांग और शेष सत्र के लिए दोनों सदनों में कामकाज के समग्र संचालन पर की रणनीति पर विचार किया गया।

विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

नयी दिल्ली। विपक्ष की ओर से गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्तगी और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) द्वारा तमिलनाडु को राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) से बाहर रखने की मांग को लेकर हंगामे के चलते मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। पहले की तरह द्रमुक, कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने शोर-शराबे के बीच ही मंत्रालयों और संसदीय समितियों के महत्वपूर्ण कागजात सदन के पटल पर रखवाए।

कोलकाता नगर निगम के चुनाव में भी तृणमूल कांग्रेस का परचम

कोलकाता, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल विधानसभा (विस) चुनाव व विस उपचुनावों में जबर्दस्त जीत की लय को बरकरार रखते हुए कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के चुनाव में भी परचम लहराया है। तृणमूल ने केएमसी के 144 वार्डों में से 134 पर जीत दर्ज की है जबकि बंगाल में उसकी मुख्य विरोधी पार्टी भाजपा की झोली में सिर्फ तीन वार्ड आए हैं। वाममोर्चा (वामो) व कांग्रेस को भी दो-दो वार्ड से संतोष करना पड़ा है, वहीं निर्दलीय प्रत्याशी तीन वार्ड जीतने में सफल रहे। 2015 के केएमसी चुनाव में तृणमूल ने 114, वाममोर्चा ने 15, भाजपा ने सात, कांग्रेस ने पांच व अन्य ने तीन वार्ड जीते थे यानी तृणमूल को 20 वार्ड का नफा हुआ है तो वामो को 13, भाजपा को चार और कांग्रेस को तीन वार्ड का नुकसान उठाना पड़ा है।

कर्नाटक में विधानसभा में पेश हुआ धर्मांतरण विरोधी विधेयक

कांग्रेस ने किया वॉकआउट, डीके शिवकुमार ने फाड़ी बिल की कॉपी

बेलगावी, एजेंसी। कर्नाटक के बेलगावी में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मंगलवार को राज्य के गृह मंत्री अरगा ज्ञानेंद्र ने धर्मांतरण विरोधी विधेयक पेश किया। विधानसभा के स्पीकर ने घोषणा की कि उन्होंने सरकार को प्रक्रिया के अनुसार धर्मांतरण विरोधी विधेयक को पेश करने की अनुमति दी है और इस पर कल (बुधवार) चर्चा की जाएगी। कांग्रेस ने इस विधेयक के प्रति विरोध व्यक्त किया व सदन से वॉकआउट किया। डीके शिवकुमार ने सदन के अंदर विधेयक की प्रति भी फाड़ दी। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने इसे लेकर कहा कि इस विधेयक पर चर्चा करने का विधानसभा में पूरा अवसर मिलेगा। जब विधेयक सदन में पेश किया गया तब वो (विपक्षी नेता) वहां मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह सरकार की गलती नहीं है। एक दिन पहले ही यानी सोमवार को मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस विधेयक को मंजूरी दे दी गई थी। लोगों के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की सुरक्षा करने के लिए लाए जा रहे इस विधेयक के तहत जबरदस्ती, धोखेबाजी से, लालच देकर या जबरन विवाह के माध्यम से धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए प्रावधान किए जाएंगे।विपक्षी दल और ईसाई समुदाय के नेता राज्य की भाजपा सरकार के इस इस प्रस्तावित विधेयक का विरोध करते आ रहे हैं।

बॉर्डर पर कंस्ट्रक्शन की पाकिस्तानी साजिशः इंडियन आर्मी की चेतावनी

एलओसी पर कंस्ट्रक्शन बंद करो नहीं तो दूसरे तरीके भी आते हैं, घबराए पाक ने काम रोका

नयी दिल्ली, एजेंसी। चीन के बाद अब पाकिस्तान भी भारतीय सीमा के करीब कंस्ट्रक्शन की कोशिश कर रहा था। यह कंस्ट्रक्शन नॉर्थ कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के टीटवाल सेक्टर में एलओसी के पार 500 मीटर के दायरे में किया जा रहा था। मंगलवार यानी

21 दिसंबर को जब भारतीय सेना को इसका पता लगा तो माइक पर पाकिस्तानी सैनिकों को चेतावनी दी गई, जिसे सुनकर पाकिस्तान ने कंस्ट्रक्शन रोक दिया। पाकिस्तान की यह हरकत एलओसी प्रोटोकॉल के खिलाफ है। भारतीय सेना के अफसरों ने माइक पर अनाउंस करते हुए कहा, 'इस कंस्ट्रक्शन को बंद कर दीजिए, आप हमारी बात नहीं सुनेंगे तो हमें आगे की कार्रवाई करनी पड़ेगी। प्रोटोकॉल के हिसाब से आप इस जगह पर कुछ नहीं बना सकते इसलिए इस काम को आप बंद कर दीजिए। 'आप 500 मीटर के अंदर आने वाले हिस्से में कंस्ट्रक्शन का काम कर रहे हैं। हम आपसे बार-बार गुजारिश कर रहे हैं, अगर आपने अब काम बंद नहीं किया तो गुजारिश नहीं करेंगे। हमें दूसरी कार्रवाई भी करनी आती है।

डेरेक ओ ब्रायन भी किए गए निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद डेरेक ओ ब्रायन को आपत्तिजनक व्यवहार के लिए बाकी बची शीतकालीन सत्र के पूरी कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कथित तौर पर आज ही सदन में निर्वाचन अधिनियम (संशोधन) विधेयक पर चर्चा के दौरान चेयर की ओर राज्यसभा नियमावली फेंकी थी। टीएमसी सांसद ने यह कदम तब उठाया जब चेयरमैन की ओर से सदन में अव्यवस्था का हवाला देते हुए वोटिंग की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद विपक्ष सदन से वॉकआउट कर गया था। सरकार ने ब्रायन की इस हरकत की निंदा की थी और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई थी। इसे लेकर ब्रायन ने एक ट्वीट में लिखा, हर नियम और नजीर को तोड़ने के बाद भाजपा के अंदन नियमावली को लेकर भाषण देने का साहस है।

लोकसभा में पेश हुआ लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल करने वाला विधेयक

विपक्ष ने कहा- जल्दबाजी कर रहा केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी। लड़कियों के विवाह की आयु 18 से बढ़ाकर 21 साल करने का प्रावधान करने वाले इस संशोधन विधेयक को पेश करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि एक लोकतंत्र में, महिलाओं और पुरुषों को विवाह का समान अधिकार देने में हमने 75 साल की देरी की है। इस संशोधन के जरिए पहली बार लड़के और लड़कियां दोनों ही 21 साल की आयु में समानता के अधिकार को ध्यान में रखते हुए अपने विवाह को लेकर निर्णय लेने में सक्षम हो पाएंगे। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने इस विधेयक पर कहा कि हम सरकार को सलाह देना चाहते हैं कि जब काम जल्दी में किया जाता है तो गलतियां होती हैं। इस मामले पर देश में अभी विचार-विमर्श चल रहा है। केंद्र सरकार ने इस मामले को लेकर न तो किसी हिस्सेदार

से बात की है और न ही किसी राज्य से सलाह ली है। चौधरी ने कहा कि हम मांग करते हैं कि इस संशोधन विधेयक को संसद की स्थायी समिति के पास भेज दिया जाए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद सौगत राय ने आरोप लगाया कि यह विधेयक आपाधापी में लाया गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जल्दबाजी में सरकार यह विधेयक लेकर आई है, मैं उसका विरोध करता हूं। इस विधेयक पर सभी हिस्सेदारों को साथ लेकर ठीक तरह से विचार-विमर्श किए जाने की जरूरत है। टीएमसी सांसद ने आगे कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय ने इस संशोधन विधेयक के प्रति सख्त विरोध जताया है। ऑल इंडिया मजसिल-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह संशोधन विधेयक अनुच्छेद 19 के तहत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। 18 साल के एक व्यक्ति प्रधानमंत्री चुन सकता है, लिव-इन संबंध में रह सकता है लेकिन आप उससे शादी करने का अधिकार छीन रहे हैं। ओवैसी ने आगे कहा कि भारत में महिला मजदूरी सोमालिया से भी अधिक है।

साथी की हत्या से गुस्साए किन्नरों ने पटना में मचाया उत्पात

पटना, एजेंसी। पटना के कंकड़बाग इलाके में किन्नर (ट्रांसजेंडर) की हत्या किए जाने से उसके साथी भड़क गए। मंगलवार को किन्नरों जमकर हंगामा किया। कंकड़बाग थाना क्षेत्र के श्री राम हॉस्पिटल के पास उनलोगों ने आवागमन बाधित कर दिया। इस दौरान कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। ईंट-पत्थर भी चलाए। कई गाड़ियों को उलट-पलट दिया। वे जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों के साथ भी धक्का-मुक्की कर दी। करीब तीन घंटे बाद वे शांत हुए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह करीब सात बजे चिरैयाटांड़ पुल के नीचे सोनी देवी उर्फ सन्नी नामक किन्नर को गंभीर हालत में बरामद किया गया था।

प्रियंका वाड्रा यूपी में महिलाओं को लेकर क्यों रच रही ढोंग : सिद्धार्थ नाथ सिंह

अखिलेश यादव ने अपने परिवार के अलावा महिला का सशक्तिकरण किया है तो बताएं: प्रवक्ता

प्रयागराज, (संवाददाता)। प्रियंका वाड्रा यूपी में 40 प्रतिशत महिलाओं को टिकट देने बात करती हैं, जबकि यूपी में प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी ने महिला सशक्तिकरण के लिए मकान, शौचालय, सुरक्षा और स्वावलम्बन दिए। आत्मनिर्भर बनाने की जमीन पर पहल कर जीवन को नए आयाम दिए, उनसे सीखें। यह बातें कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने प्रयागराज में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी महिला स्वयं सहायता समूहों, कन्या सुमंगला योजना को धनराशि जारी करने एवं टेक होम राशन प्लांट लोकार्पण के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि प्रियंका वाड्रा यूपी में महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकट देने, महिला सशक्तिकरण की बात करती हैं। पहले उन्हें प्रधानमंत्री से सीख लेनी



चाहिए। कैसे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने महिलाओं के जीवन को बदलने के लिए जमीन पर कार्य किया है। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा यूपी में महिलाओं को आवास, शौचालय, उज्ज्वला योजना और बालिकाओं को निःशुल्क स्नातक तक शिक्षा, सामूहिक विवाह, मातृ वंदना योजना, 1535 थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना, हर गांव में बीसी सखी, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजना के जरिए आत्मबल बढ़ाया है। धर्म और ज्ञान के साथ न्याय की त्रिवेणी संगमनगरी में प्रधानमंत्री ने प्रयागराज में 1 करोड़ 60 लाख महिला स्वयं सहायता समूह को 1000 करोड़ रुपए तथा कन्या सुमंगला योजना के तहत एक लाख एक हजार कन्याओं को बीस करोड़ राशि प्रदान की गई। साथ ही 43 जनपदों में 202 विकास खंडों में टेक होम राशन प्लांट का लोकार्पण किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा महिलाएं स्वावलम्बी तथा आत्मनिर्भर होकर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में सीधे खातों में धनराशि दी है। महिलाओं को घरौदी स्वामित्व देकर मान बढ़ाया है। प्रियंका वाड्रा कांग्रेस केवल कहती है, करती नहीं है। कांग्रेस केवल नारे देना जानती है मगर हकीकत में कुछ नहीं करती है। यह यूपी की महिलाओं सहित जन-जन को पता है। पहले राजस्थान, छत्तीसगढ़, पंजाब में जाकर जमीन पर क्या किया है, देखों। योगी कहते नहीं है हकीकत में करके दिखालाया है। प्रियंका यूपी में ढोंग करना बंद करिए, पहले जाकर अपने कांग्रेस शासित राज्यों में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से सीख लेकर जमीन पर कार्य करें। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने घर की महिला का सशक्तिकरण किया है और अपने घर से बाहर किसी भी महिला का सशक्तिकरण नहीं किया है। अखिलेश आप की सरकार में महिलाओं को घर से निकलना मुश्किल हो गया था। अपराधियों और माफियाओं और गुंडों एवं रेपिस्टों का राज था। अगर किसी महिला का सशक्तिकरण किया है तो बताएं। आज नारी शक्ति देश की शक्ति बन गयी है।

प्रधानमंत्री आगमन को लेकर तैनात एक क्यूआरटी टीम प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मी निलम्बित

प्रयागराज, (संवाददाता)। प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व एडीजी प्रेम प्रकाश ने गीता निकेतन के पास तैनात क्यूआरटी टीम छह के सात पुलिस कर्मियों को लापरवाही के चलते मंगलवार सुबह निलम्बित कर दिया। यह जानकारी एडीजी जोन प्रयागराज प्रेम प्रकाश ने दी। जिसमें क्यूआरटी टीम छह में तैनात प्रभारी उपनिरीक्षक मो.इबरार अंसारी एवं छह सहयोगी पुलिस कर्मियों को ड्यूटी में लापरवाही की वजह से निलम्बित कर दिया है। उक्त पुलिस कर्मी गीता निकेतन के पास तैनात की गई थी। प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था की चेकिंग दौरान समुचित रिस्पांस नहीं दिया गया।

एक उत्कृष्ट शिक्षक ही बेहतर एवं उत्कृष्ट शोधकर्ता: प्रो अविनाश

बहुआयामी कौशल का विकास करना वर्तमान समय की मांग

प्रयागराज, (संवाददाता)। नई शिक्षा नीति-2020 में व्यक्तिगत कौशल, व्यावसायिक कौशल, मूक्स, स्वयम्, उच्च शिक्षा का अन्तरराष्ट्रीय करण, फ्लिप्ड क्लास रूम, ओ.ई.आर, प्रत्यावर्ती शिक्षण कौशल, शोध और नवाचार पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। उच्च शिक्षा में शोध एवं शोध नैतिकता को ध्यान में रखकर कहा गया है कि एक उत्कृष्ट शिक्षक ही बेहतर एवं उत्कृष्ट शोधकर्ता हो सकता है। बहुआयामी कौशल का विकास करना प्रत्येक शिक्षक के लिए वर्तमान समय की मांग है। उक्त विचार मुख्य अतिथि सिक्किम विश्वविद्यालय, गंगटोक, सिक्किम के कुलपति प्रो.अविनाश खरे ने ईश्वर शरण पी.जी कॉलेज में पंडित मदनमोहन मालवीय नेशनल मिशन ऑन टीचर्स एण्ड टीचिंग उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला के समापन अवसर पर व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में शिक्षकों के बहुआयामी विकास की बात नई शिक्षानीति के उद्देश्यों की पूर्ति में एक बड़ी पहल है। इस कार्यक्रम के माध्यम

से शिक्षकों में बहुआयामी कौशल विकास से सम्बन्धित नवीन पहलुओं से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर विविध विद्वानों के माध्यम से शिक्षण-प्रशिक्षण एवं शोध और नवाचार पर प्रकाश डाला गया है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय मीडिया अध्ययन केन्द्र के समन्वयक डॉ. धनंजय चोपड़ा ने 'कक्षा क्रियात्मक अनुसंधान' विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि समकालीन वैश्विक आपदा के कारण हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। जिनमें निष्क्रिय विद्यार्थी, अप्रत्यक्ष, आत्मक्रिया में सहयोग को प्रोत्साहित करने हेतु शिक्षक क्रियात्मक शोध आधारित गतिविधि की आवश्यकता है। उन्होंने लॉसवेल के संचार प्रारूप की चर्चा करते हुए क्रियात्मक शोध के सात चरणों, चयन केन्द्रिय, वर्गीकरण प्रश्न आंकड़ा समूहन, तथ्य विश्लेषण, सामान्यीकरण और अनौपचारिक क्रिया आदि के माध्यम से छात्र या श्रोता को जानने लक्षित करने, ध्यान आकर्षित करने, रचनात्मक बनाने की विविध श्रव्य एवं दृश्य माध्यमों द्वारा बहुआयामी कौशल विकास पर गंभीरता पूर्वक व्यावहारिक एवं रोचक जानकारी प्रस्तुत की। एफडी.सी के समन्वयक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द शंकर सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षा में शिक्षकों के विकास हेतु बहुआयामी कौशल के अंतर्गत हमें यह देखना होगा कि यह तमाम कार्यक्रम जो शिक्षण-प्रशिक्षण एवं शोध आधारित होते हैं।

परेड ग्राउंड में मातृशक्ति का महाकुम्भ

प्रयागराज, (संवाददाता)। संगमनगरी में मंगलवार को मातृशक्ति-संगम के एक अनूठे कार्यक्रम में परेड ग्राउंड, प्रयागराज का अद्भुत नजारा रहा। जहां प्रदेश से आयी महिलाओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ हुंकार भरी और मोदी-मोदी के नारे लगाये। परेड में महिलाओं का महाकुम्भ नजर आ रहा था। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 'कहा गया है कि जहां नारी का आदर होता है वहां देवता निवास करते हैं।' प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने मातृशक्ति के लिए खजाने को खोल दिया है। ऐसे में हम उनका तहेदिल से स्वागत करते हैं। इलाहाबाद की सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि आज महिलाओं का महाकुम्भ देखने को मिल रहा है। आज प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का भाव महिलाओं को सशक्त कर रहा है। सांसद केशरी देवी पटेल ने कहा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने हमारी आधी आबादी के लिए जो किया उसे आजादी के बाद से आज तक किसी सरकार ने नहीं किया। हम महिलाओं का ध्यान किसी ने रखा तो वह है मोदी सरकार। सांसद गीता शाक्य ने कहा कि मैं इटावा से सम्बंधित हूं। इसलिए जानती हूं कि इटावा में महिलाओं के साथ सरेआम अभद्र व्यवहार होता था, लड़कियों को उठा लिया जाता था। जो महिलाओं के प्रति ऐसा भाव रखते हैं वह सांसद या मंत्री रहने लायक नहीं हैं। सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि मातृशक्ति जब आशीर्वाद देती है तो फलित होता है। इसलिए आज आई समस्त महिलाएं प्रधानमंत्री को आशीर्वाद प्रदान करें। सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि आज भारत बदल रहा है।

सड़क हादसे में गई महिला की जान

प्रयागराज, (संवाददाता)। धूमनगंज थाना क्षेत्र के जगमल का हाता के पास मंगलवार सुबह सेन्टाइजर के पानी फिसलन के चलते स्कूटी डिवाइडर जा भिड़ी। हादसे में स्कूटी सवार विग बाजार महिला कर्मचारी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। धूमनगंज के राजरूपुर निवासी अनीता सिंह 35वर्ष पत्नी मान सिंह के दो बेटे है। उसका पति प्राइवेट काम करता था। अनीता भी बिग बाजार में नौकरी करती थी। रास्ते में जगमल के हाता के पास सेन्टाइजेंसन की वजह से रोड पर फिसलन हो गई थी।

उप निर्वाचन में गीता देवी पेडरिया की प्रधान हुई निर्वाचित, टाई से मिली जीत पर समर्थकों मे खुशी

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। सांगीपुर विकासखण्ड के पेडरिया गांव मे प्रधान पद के उपचुनाव मे मंगलवार को हुए मतगणना मे गीता को जीत हासिल हुई है। एसडीएम की मौजूदगी मे निष्पक्ष मतगणना के चलते टाई मे गीता देवी को प्रधान पद की जीत का सेहरा हासिल हो सका। बीती बारह दिसंबर को प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव मे उन्नींस सौ इक्कीस मतदाताओं मे से तेरह सौ पचास मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मंगलवार को सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर पुलिस व पीएसी की मौजूदगी मे मतगणना प्रारम्भ करायी गयी। एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह की देखरेख मे हुई मतगणना मे अन्ततः निर्वाचित गीता देवी व रवि गौतम को छः सौ इक्यावन, छः सौ इक्यावन बराबर मत मिले। इस पर आरओ अश्विनी कुमार सिंह ने नियम के तहत दोनों प्रत्याशियों की मौजूदगी मे उनके नाम लिखकर एक बाक्स मे डाले। एक युवक द्वारा बाक्स से निकली पर्ची मे गीता देवी पत्नी रामहरि का भाग्य चमक उठा। इसके तहत निर्वाचन अधिकारी ने नियमानुसार एक मत से गीता देवी को प्रधान निर्वाचित होने की घोषणा की। गीता के निर्वाचन की घोषणा होते ही समर्थकों मे खुशी छा गयी। इसके पहले रवि गौतम एक बार प्रतिद्वंदी गीता से मात्र दो मतों से आगे हुए इस पर गीता के अभिकर्ता यशवंत यादव ने पुनः मतगणना कराये जाने की लिखित आपत्ति प्रस्तुत की। एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह ने आपत्ति स्वीकार करते हुए पुर्नमतगणना वीडियो कैमरे की निगरानी मे कराई। यहां प्रधान पद पर जीते निर्वाचित प्रधान गीता के पति की आकस्मिक मृत्यु के चलते पुर्नमतदान कराया गया था। मतगणनास्थल पर एसओ सांगीपुर जीतेन्द्र सिंह व एसओ उदयपुर एहसानुलहक के साथ पीएसी व पुलिस का भारी बंदोबस्त नजर आया। मतगणना को लेकर एसडीएम की सख्ती और उनके निष्पक्ष निर्णय की भी लोगों के बीच सराहना दिखी।

पूर्व प्रधान के खिलाफ दर्ज हुआ धोखाधडी का केस

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। कोर्ट की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने पूर्व ग्राम प्रधान के खिलाफ सरकारी धन के गबन को लेकर धोखाधडी का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मनुहार गांव निवासी जेपी यादव के पुत्र कैलाश यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते वर्ष 2005-2010 के बीच गांव निवासी राजेन्द्र सिंह यादव की पत्नी सीमा यादव ग्राम प्रधान रहीं। आरोप है कि पूर्व प्रधान ने शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृत हुए सरकारी धन मे हेरफेर करते हुए उसका गबन कर लिया। मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने लालगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने जांच के नाम पर कोई कार्रवाई नही किया।

कोर्ट की फटकार पर आरोपी के खिलाफ अपहरण व धमकी का केस

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। कोर्ट की फटकार पर कोतवाली लालगंज पुलिस ने एक नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ अपहरण, गालीगलौज व धमकी का मुकदमा सोमवार की रात दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के वीरशाहपुर मजरे वीरभद्रपुर गांव निवासी स्व. छोटे लाल की पत्नी पतरका देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा कि उसका बेटा पृथ्वीपाल मुम्बई मे रहते हुए मजदूरी करता है। मुम्बई मे ही गांव के हरिश्चंद्र भी प्राइवेट नौकरी करते हैं। पीड़िता का आरोप है कि बीते नवंबर माह मे दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए उसका बेटा पृथ्वीपाल गांव के हरिश्चंद्र के साथ घर आ रहा था। लेकिन प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद हरिश्चंद्र गांव आ गया। वहीं पीडिता का बेटा घर नहीं पहुंचा। परेशान पीड़िता ने हरिश्चंद्र के पास जाकर उससे बेटे के घर न पहुंचने के बाबत पूछताछ किया। इस पर हरिश्चंद्र आक्रोशित होकर गाली देते हुए जानलेवा धमकी देने लगा। बेटे के घर न पहुंचने से परेशान पीड़िता ने लालगंज कोतवाली आकर हरिश्चंद्र समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बेटे का अपहरण किये जाने व उसके साथ अनहोनी होने की आशंका जताते हुए तहरीर दिया। लेकिन जांच के नाम पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। थक हारकर पीड़िता ने कोर्ट मे न्याय की गुहार लगाई। कोर्ट की फटकार पर पुलिस ने सोमवार की रात हरिश्चंद्र व कुछ अज्ञात के खिलाफ अपहरण, गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज कर लिया है।

तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट गालीगलौज व धमकी का केस

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ सोमवार की रात मारपीट व गालीगलौज व धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के पसिया का बाग कोइरा मांदूपुर गांव निवासी शिवमूरत के पुत्र चंद्रप्रकाश वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बीस दिसंबर को सुबह सात बजे दरवाजे पर कचरा डालने के विवाद को लेकर गांव के शिवमूरत के पुत्र रमेश वर्मा तथा रमेश वर्मा की पत्नी आरती व एक अज्ञात उसके दरवाजे पर आ धमके। आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए लाठी डंडे से पीड़ित व उसके पुत्र को जमकर मारापीटा।

संगम की धरती पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में महिलाओं की भीड़ ने दिखाया कुम्भ का नजारा

प्रयागराज, (संवाददाता)। प्रधानमंत्री के उदबोधन तक बसों से महिलाओं के आगमन का सिलसिला जारी था। दूर-दूर से बसों से पहुंची महिलाएं प्रधानमंत्री की एक झलक देखने के लिए उत्साहित थी। संगम की धरती पर मंगलवार को ऐसा लग रहा था कि महिलाओं का कुम्भ लग गया है। संगम परेड में ग्राउण्ड महिलाओं से भरा हुआ था। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के जत्थे से यह प्रतीत हो रहा था कि देश के साथ महिलाएं एक जुट हो चुकी हैं। गांव-गांव से आने वाले समूहों की महिलाएं कुम्भ मेले की भांति एक दूसरे को विछड़ जाने के भय से एक दूसरे को पकड़े हुई थी। प्रत्येक गांव की महिलाओं के साथ सुरक्षा की दृष्टि से ड्यूटी में तैनात महिला सिपाही और शिक्षक अपने-अपने जत्थे को निर्धारित स्थान पर लेकर पहुंचे और उसी तरह कार्यक्रम स्थल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सबसे लोक प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के उद्बोधन के बाद अपने-अपने गांव के लिए वापस रवाना हो गए।

बीसी सखी को ग्रामीण यूपी में डिजिटल बैंकिंग प्रदान करने को प्रधानमंत्री की मिली सराहना

प्रयागराज, (संवाददाता)। 21 दिसम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश स्टेट रूरल लिवलिहुड मिशन (यूपीएसआरएलएम) द्वारा आयोजित एक समारोह में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीसी (बिजनेस करेस्पॉन्डेंट) सखी द्वारा किए गए काम की सराहना की। बीसी सखियों ने खासकर कोविड के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के हितग्राहियों को डिजिटल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना जारी रखा था।

फिनो पेमेंट्स बैंक सेल्फ हैल्प समूहों (एसएचजी) की 10 हजार महिलाओं को प्रशिक्षित करने व राज्य में बीसी सखियों के रूप में अपने परिवार में शामिल करने के लिए फरवरी, 2021 में कार्यक्रम शुरू होने के साथ ही यूपीएसआरएलएम के साथ काम कर रहा है। फिनो ने आज तक 11 जिलों में लगभग 6000 महिलाओं को बीसी सखी के रूप में अपने परिवार में शामिल किया है, ताकि वो राज्य के ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग की पहुंच का विस्तार कर सकें। परिवार में शामिल हुई सभी बीसी सखियों को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाईनेंस (आईआईबीएफ) द्वारा प्रशिक्षण देकर एक बीसी सर्टिफिक्रेशन परीक्षा के माध्यम से सर्टिफाई किया जाता है। फिनो पेमेंट्स बैंक ईवीपी एवं हेड अलायंसेज अमित कुमार जैन ने कहा कि जब से बीसी सखियों ने सेवाओं की पहुंच बढ़ाना शुरू किया है, तब से हमने ग्रामीण इलाकों में लोगों द्वारा बैंकिंग किए जाने के व्यवहार में भारी परिवर्तन देखा है। उन्होंने आगे कहा कि बीसी सखियां हर पंचायत में असिस्टेड बैंकिंग सेवाओं को लोगों के नज़दीक पहुंचाती हैं और उनके लिए बैंकिंग को सुविधाजनक बनाती हैं। भविष्य में हम 4000 और सखियों को अपने परिवार में शामिल करेंगे, जो राज्य में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करेंगी। जैन ने बताया कि यह प्रोजेक्ट राज्य के सभी 75 जिलों में लगभग 58 हजार महिलाओं को बीसी सखी या बैंकिंग एजेंट बनाने के यूपीएसआरएलएम के मिशन का हिस्सा है। फिनो उन बैंकिंग पार्टनर्स एवं फैसिलिटेटर्स में से एक है, जो बीसी सखियों की नियुक्ति करने के लिए इस प्रोजेक्ट में संलग्न हैं। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य ग्रामीण यूपी में बैंकिंग की पहुंच का विस्तार करना और एसएचजी सदस्यों की घरेलू आय बढ़ाना है।

उन्होंने बताया कि फिनो पेमेंट्स बैंक ने बिजनौर, हरदोई, झांसी, मुरादाबाद, उन्नाव, देवरिया, कुशी नगर, महाराजगंज, मिर्जापुर, संतकबीर नगर और सोनभद्र जिलों में बीसी सखियों को अपने परिवार में शामिल किया। प्रशिक्षण व सर्टिफिक्रेशन प्राप्त होने के बाद ये सखियां कैश डिपॉजिट, कैश विदड्रॉल, नया खाता खोलने, बिल का भुगतान करने, रिचार्ज आदि जैसी बैंकिंग सेवाओं के साथ अन्य थर्ड पार्टी प्रोडक्ट जैसे गोल्ड लोन रिफरल एवं बीमा की सेवाएं प्रदान करेंगी।

संगम नगरी पर महिलाओं का हुआ सम्मान तो ट्विटर पर गूंजा नारी शक्ति देश की शक्ति

ट्विटर इंडिया पर घंटों नम्बर एक पर ट्रेंड करता रहा नारी शक्ति देश की शक्ति

प्रयागराज, (संवाददाता)। संगमनगरी प्रयागराज में मातृशक्ति कुंभ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं का सम्मान किया तो सोशल मीडिया प्लेटफार्म भी नारी शक्ति के जयकारों से गूंज उठा। प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर के साथ लोगों ने केंद्र की मोदी और यूपी की योगी सरकारों की नारी सशक्तिकरण की कोशिशों की खूब तारीफ की। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने इस हैशटैग के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होने की जानकारी दी, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित केंद्र एवं उत्तर प्रदेश के कई मंत्रियों ने भी महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को उपयोगी बताया। वहीं ट्विटर पर अन्य लोगों के बीच चर्चा बढ़ी तो यूपी सरकार के मिशन शक्ति और एंटी रोमियो स्क्वाड से होते हुए बेटियों की शादी की उम्र बढ़ाने के ताजा विषय पर जा पहुंची। ज्यादातर लोगों ने केंद्र सरकार द्वारा बेटियों की शादी की उम्र को बढ़ाये जाने के केंद्र के फैसले को जरूरी बताया। लोगों ने योगी सरकार के प्रदेश से गुंडाराज खत्म करने के लिए सीएम योगी को धन्यवाद दिया तो प्रयागराज के कार्यक्रम में बीसी सखी, महिला स्वयं सहायता समूह, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लिए सीएम योगी की सराहना की। ट्विटर की भाषा में कहें तो मंगलवार को नारीशक्तिदेशकीशक्ति घंटों नम्बर एक पर ट्रेंड करता रहा। खबर लिखे जाने तक इस एक हैशटैग से किए गए ट्वीट 192 मिलियन लोगों तक पहुंच चुका था, जबकि 1.5 बिलियन बार इसे देखा जा चुका था। करीब 66 हजार से अधिक लोगों ने नारीशक्तिदेशकीशक्ति के साथ ट्विटर पर अपनी बात रखी।

यूपी स्टेट कबडडी मे विधायक मोना ने खिलाड़ियो का किया उत्साहवर्धन

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। यूपी स्टेट कबडडी चैम्पियनशिप में रामपुरखास के सांगीपुर क्षेत्र की बारह सदस्यीय टीम को अडतालिसवें यूपी स्टेट कबडडी चैम्पियनशिप सीनियर पुरूष वर्ग मे जिले के प्रतिभाग को लेकर मंगलवार को क्षेत्र मे खुशी का माहौल दिखा। सांगीपुर क्षेत्र के दलापटटी गांव मे बीती अठारह अक्टूबर को जिला कबडडी एसोशिएसन के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता मे स्थानीय खिलाड़ियो को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मे जिले की टीम के प्रतिनिधित्व का अवसर मिल सका है। आगामी पचीस दिसंबर से छब्बीस दिसंबर तक गाजीपुर में होने वाली राज्यस्तरीय इस प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने वाली टीम की सफलता को लेकर विधायक मोना ने जिला कबडडी एसोशिएसन के सचिव डा. धीरेन्द्र प्रताप सिंह व चेयरमैन कुंवर वीरेन्द्र प्रताप सिंह के संयोजन मे स्थानीय खिलाडियो के प्रतिभाग को क्षेत्र मे खेल जगत के लिए बडी उपलब्धि भी करार दिया।

सौरई खुर्द में पशु आरोग्य मेला का किया गया आयोजन

कौशाम्बी, (संवाददाता)। विकास खण्ड सिराथू के सौरई खुर्द गांव में मंगलवार को पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने गौमाता का पूजन कर किया। मेले में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण , टीकाकरण , टैगिंग आदि सुविधाओं का लाभ पशुपालकों को दिया गया । इस दौरान सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने मेले में आये हुए पशुपालकों को संबोधित करते हुए बताया की पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान , संवर्धन , स्वास्थ्य , टीकाकरण सहित पशुपालन विभाग द्वारा दिये जा रहे है साथ ही सिराथू विधायक ने कहा की आवारा पशुओं के संरक्षण हेतु पूरे विधानसभा के न्याय पंचायत स्तर पर गौशाला बनाया जाएगा ।सम्बोधन के दौरान सिराथू विधायक ने बम्हरौली , रूपनारायणपुर गोरियों , बिदनपुर ककोढ़ा एवं रसूलपुर गिरसा में गौशाला बनवाने हेतु घोषणा किया । कार्यक्रम में मौजूद मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बीपी पाठक ने पशुपालकों को पशुपालन सम्बंधित विस्तृत जानकारी दिया।

कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष पर हुआ जानलेवा हमला

कौशाम्बी, (संवाददाता)। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा के ऊपर कल सोमवार शाम 7:00 बजे हुआ जानलेवा हमला। सोमवार शाम मंझनपुर अपने आवास घर जाते समय आशीष कुमार पप्पू मिश्रा पर लाल रंग की छोटी का आग में पीछे से उमरा नहर के आगे 7:50 के बीच बीच में टक्कर मारी टक्कर मारने के बाद चालक वहीं से बैक होकर पुनः मंझनपुर की तरफ गाड़ी तेजी में लेके भागा जिसका पीछा जिला उपाध्यक्ष ने किया पीछा करने के बाद भी गाड़ी तेजी में उषा की तरफ चली गई है उसके पहले जिला उपाध्यक्ष दीपक मेडिकल स्टोर से मंझनपुर से कुछ दवा लिया दवा ले तो समझते ही हो गई इस वजह से देर रात वह घर पहुंचा है जानलेवा हमला करना साजिश के तहत है दरोगा वाटेवा चौकी इंचार्ज जी को लिखित शिकायत दी है उन्होंने अपने गांव की हर तरफ सेभाग जांच विभाग बैठा कर जांच करवाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की भी मांग की है कि दोषी न फंसे और जिन्होंने इस हरकत को अंजाम दिया है उन पर मुकदमा पंजीकृत हो और उनको सजा मिले जिससे भविष्य में किसी भी व्यक्ति के साथ इस तरह की हरकत ना हो।

संदिग्ध दशा में मिला अज्ञात अधेड़ का शव, नही हो सकी शिनाख्त

कौशाम्बी, (संवाददाता)। कोखराज थाना क्षेत्र के हाईवे किनारे स्थित धर्म कांटा के बगल में संदिग्ध दशा में अज्ञात अधेड़ का शव पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुची पुलिस ने अधेड़ के शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त न होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोखराज थाना क्षेत्र के हाईवे किनारे स्थित एक धर्म काँटा के नजदीक 42 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव संदिग्ध दशा में पाया गया ग्रामीणों ने देखा तो मामले की जानकारी पुलिस को दी सूचना के बाद पहुची पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गोदाम में सेंध काट कर लाखो की चोरी

कौशाम्बी, (संवाददाता)। भरवारी चौकी अन्तर्गत पान के गोदाम मे सेंध कर लाखो की हुई पान मसाले के थोक विक्रेता के गोदाम मे हुई चोरी तीन माह पहले भी इसी गोदाम मे हुई थी लाखो की चोरी बीती रात की है घटना भरवारी क्षेत्र मे हो रही चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने मे भरवारी पुलिस विफल साबित हो रही है।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री की बर्खास्तगी की मांग को लेकर द जर्नलिस्ट एसोसिएशन संगठन ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कौशाम्बी, (संवाददाता)। लखीमपुर खीरी में ऑक्सीजन प्लान्ट के उद्घाटन के अवसर पर मंत्री द्वारा पत्रकारों से अभद्रता किए जाने के विरोध में पत्रकारों ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौप मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है।

लखीमपुर खीरी में ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन करने आए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा उर्फ टेनी द्वारा कवरेज करने गए पत्रकारों के साथ धक्का मुक्की करते हुए अभद्रता की इस मामले को लेकर जर्नलिस्ट एसोसिएशन संगठन के नेतृत्व में मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय में पत्रकारों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कौशाम्बी को सौपते हुए बताया की देश का चौथा स्तंभ कहे जाने वाला पत्रकार समाज बहुत अपमानित महसूस कर रहा है, मंगलवार को द जर्नलिस्ट एसोसिएशन संगठन के तत्वाधान में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार के साथ दर्जनों पत्रकारों ने जिलाधिकारी कार्यालय में मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पत्रकारों द्वारा गृह राज्य मंत्री को पत्रकारों से माफी मांगने व कैबिनेट मंत्री को बर्खास्त करने की केंद्र सरकार से मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राजेंद्र कुमार केसरवानी उर्फ बबलू, विनय कुमार तिवारी, किफायत उल्ला, धर्मेंद्र कुमार सोनकर, जगदंबा प्रसाद, जयचंद यादव, हरीश पाल, ओम चंद विश्वकर्मा, सत्यनारायण, अहमदुल्लाह, वीरभान सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

रामपुरखास मे योजनाबद्ध विकास का सदैव जारी रहेगी सुनहली श्रृंखला : प्रमोद तिवारी

⇨ विधायक मोना ने क्षेत्रवासियों को सौंपी करोड़ो की सड़क व पेयजल योजनाओं की सौगात

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मंगलवार को सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के साथ क्षेत्र मे सड़क तथा पेयजल योजना समेत कई सौगाते सौंपी। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने पीएमजीएसवाई योजना के तहत लालगंज-बाबूगंज हाइवे के राइसमिल के सामने से भदारी कला, पूरे नोती, धर्मराज तुलई, मांदीपुर, पूरे नंदन, कलंदर मार्ग के चौडीकरण की योजना का समारोहपूर्वक भूमिपूजन किया। पांच किलोमीटर बनने वाले इस ग्रामीण हाइवे के निर्माण के लिए विधायक मोना के प्रस्ताव पर शासन द्वारा तीन करोड उन्तीस लाख बत्तीस हजार रूपये की धनराशि अवमुक्त हुई है। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने लालूपुर पेयजल योजना के तहत दो करोड़ इक्यान्वे लाख की लागत से

प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध जल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : विक्रम

⇨ व्यवहार में परिवर्तन कराकर ही रोका जा सकता है जल का दुरूपयोगः डीएम

फतेहपुर, (संवाददाता)। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के तत्वाधान में हर घर नल योजना के अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में संचालित होने वाली जन जागरूकता गतिविधियों के शुभारंभ पर सदर विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध जल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। डीएम ने कहा कि व्यवहार परिवर्तन कराकर ही जल का दुरूपयोग रोका जा सकता है। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक विक्रम सिंह ने शिरकत की। विधायक एवं डीएम ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पानी मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं में है। सत्तर प्रतिशत ग्रामीण आबादी को पेयजल के समुचित उपयोग एवं रख-रखाव के साथ दूषित जल के निष्पादन के लिए भी जागरूक करना होगा। जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने कहा कि स्वच्छता की आदतों एवं शुद्ध पेयजल का उपयोग करके होने वाली बीमारियों को रोका जा सकता है। पेयजल समितियों की नियमित बैठकें कराकर उन्हें सक्रिय करने की आवश्यकता है। जिससे वह क्रियाशील पाइप लाइन के संचालन में अपना सहयोग दे सके। मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि प्रदूषण के लिए हम स्वयं जिम्मेदार हैं। प्रदूषण को रोकने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। वर्षा जल के संरक्षण के लिए भी लोगों को जागरूक करना होगा। राज्य प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने कहा कि पानी को बनाना मुश्किल है जबकि बचाना आसान है, इसलिए वैश्विक स्तर पर हो रहे जल संकट से निपटने के लिए लोगों में जागरूकता लाना महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने कहा कि कृषि कार्य के लिए पूरे जनपद में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य कल्याण समिति की बैठक आंगनबाड़ी केंद्र पर मातृ समिति की बैठक कराई जा रही है। इस अवसर पर राकेश शर्मा, योगेश पाण्डेय, राम प्रकाश त्रिवेदी, राजिक अली, सोनू सैनी, रमेश सिंह, अफ्न मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते सदर विधायक विक्रम सिंह

मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

खागा/फतेहपुर, (संवाददाता)। मतदान के प्रति जागरूकता हेतु आज पं सूर्य पाल रमाशंकर राममूरत पाण्डेय निष्पक्ष देव विद्या मंदिर इंटर कालेज गुरसंडी में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु बालसभा का चुनाव कराया गया। विद्यालय के बच्चों ने मतदान के महत्व को समझाने के लिए भाषण प्रस्तुत किए। साथ ही बच्चों ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने सभी बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों एवं जनमानस तक मतदान का संदेश पहुँचाया। साथ ही 18 वर्ष तक के सभी व्यक्तियों जिनका नाम मतदाता सूची में नही दर्ज है उन्हें अपने बीएलओ से मिलकर सूची में अपना नाम दर्ज करवाने हेतु जागरूक किया। सभी बच्चों से वोटर हेल्पलाइन एप डाऊनलोड करने एवं किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु 1950 नम्बर पर फ़ोन मिलाने की अपील की।

अवश्य करें मतदान का एसडीएम ने दिया संदेश

मतदाता जागरूकता अभियान में छात्रों ने प्रस्तुत किए भाषण व नुक्कड़ नाटक

जागरूकता कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि

फतेहपुर, (संवाददाता)। मलवां विकास खंड के रेवाड़ी बुजुर्ग गांव स्थित हनुमान महाविद्यालय में स्टेट आइकान स्वीप डा. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी बिंदकी अवधेश कुमार निगम ने अवश्य करें मतदान का जहां संदेश दिया वहीं छात्र-छात्राओं ने मतदान को लेकर भाषण व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। मतदाता जागरूकता अभियान में मुख्य अतिथि स्वीप नोडल अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी बिंदकी अवधेश कुमार निगम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष मृदुल यादव ने मंचासीन अतिथियों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट किया। महाविद्यालय के बच्चों ने मतदान के महत्व को समझाने के लिए भाषण व नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए। एसडीएम ने सभी बच्चों व उनके अभिभावकों एवं जनमानस तक मतदान अवश्य करें मतदान का संदेश पहुँचाया।

साथ ही 18 वर्ष तक के सभी व्यक्तियों जिनका नाम मतदाता सूची में नही दर्ज है उन्हें अपने बीएलओ से मिलकर सूची में अपना नाम दर्ज करवाने हेतु जागरूक किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी को मतदान व अन्य सभी को जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई। डॉ अनुराग ने सभी बच्चों को मतदान हेतु एक निवेदन पत्रक भी अभिभावकों हेतु दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित, महाविद्यालय के प्रबंधक हरिनारायण सिंह, अध्यक्ष मंजुल यादव, प्रधानाचार्य मुकेश श्रीवास्तव व अध्यापक विनीत कुमार, प्रियांशी, सत्यवीर उपस्थित रहे।

महिला जनसुनवाई 24 को

फतेहपुर, (संवाददाता)। जिला प्रोवेशन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य 24 दिसंबर को प्रातः 11 बजे सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में आयोग में लंबित प्रकरणों की स्थलीय जनसुनवाई के साथ-साथ महिला उत्पीड़न के मामलों के प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। इसके साथ ही जनपद की महिलाएं अपने उत्पीड़न संबंधी प्रार्थना पत्र दो प्रतियो में फ़ोटो चिपका कर व पहचान पत्र की छाया प्रति संलग्न कर सदस्य को सौंप कर अपनी समस्याओं के बारे में व्यापक रूप से विचार विमर्श कर सकती हैं।

पूर्व प्राथमिक स्तर ही शिक्षा की आधारशिला

हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में छात्रों ने लघु नाटिका व गीत किए प्रस्तुत

हमारे आँगन हमारे बच्चें कार्यक्रम में प्रतिभाग करते बच्चे

फतेहपुर, (संवाददाता)। हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में बताया गया कि पूर्व प्राथमिक स्तर ही शिक्षा की आधारशिला है। अगर यह स्तर कमजोर हुआ तो बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता। इसलिए इस स्तर को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने लघु नाटिका व गीत भी प्रस्तुत किए। हथगाम विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ पाठक के नेतृत्व में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बालकों की पूर्व प्राथमिक व प्राथमिक स्तर के बच्चों के बारे में चर्चा की गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंभीपुर के छात्र-छात्राओं ने एक लघु नाटिका व गीत के माध्यम से प्री-प्राइमरी एजूकेशन के महत्व पर प्रकाश डाला। लघु नाटिका इतनी हास्य व शिक्षाप्रद थी कि लोगों को हँसाते हुए जीवन के कई पहलुओं की सीख दे गई। कार्यक्रम के अंत में अनुदेशक महेंद्र सिंह ने शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावको से भी पूर्व प्राथमिक स्तर की शिक्षा में सहयोग में अपील की। बताया कि शिक्षा रूपी गाड़ी का एक पहिया शिक्षक है तो एक पहिया अभिभावक है।

कार्यक्रम में शिवप्रकाश द्विवेदी, विनोद कुमार मिश्र, नवल द्विवेदी, सतेंद्र कुमार के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम प्रधान व अभिभावक उपस्थित रहे। लघु नाटिका में पूजा, आकाश, राजनंदनी, यशराज कैथल, खुशबू, अंजिता, आसिफा, अरुण, मयंक, साजन, पंकज, नवल, करन, फैजान, रितिक ने अभिनय किया। सभी ने बच्चों व अनुदेशक महेंद्र सिंह व प्रधानाध्यापक मलखान सिंह की भूरि-भूरि प्रसंशा की।

जीएसटी की दर बढ़ाने से छोटे व्यापारी होंगे बर्बाद

⇨ सपा व्यापार सभा ने वित्त मंत्री को ज्ञापन भेजकर निर्णय वापस लेने की उठाई मांग

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सपा व्यापार सभा के पदाधिकारी

फतेहपुर, (संवाददाता)। जनवरी 2022 से कपड़े व जूते चप्पल के साथ ईट उद्योग पर जीएसटी पांच फीसद से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने के केंद्र सरकार के फैसले के विरोध में समाजवादी पार्टी व्यापार सभा ने वित्त मंत्री को ज्ञापन भेजते हुए जीएसटी की दर बढ़ाने के निर्णय को वापस लेने की मांग किया।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के बैनर तले जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी की अध्यक्षता में संगठन के कार्यकर्ताओ एव व्यापारियों ने देश के वित्त मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजते हुए समाज के कमज़ोर आये वाले लोगो, छोटे व मंझोले व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए जीएसटी की दर बढ़ाने के निर्णय को वापस लिए जाने की मांग किया। उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी ने बताया कि नोटबन्दी व उसके बाद कोरोना महामारी के दौरान लोगो की आय में कमी आयी है। ऐसे में फूट वेयर उद्योग, कपड़े व ईट उद्योग में जीएसटी दर को पांच फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसद करने से सीधे गरीब तबके, मध्यम वर्ग पर सहनीय भार पड़ेगा कपड़े, कंबल, पर्दे, जूते चप्पल से जुड़े व्यापारियों के लिये नियम काल साबित होगा। कमज़ोर तबके वाले लोगो ले द्वारा खरीदी जाने वाली वस्तुएं महंगी हो जायेगी वही ब्रांडेड कम्पनियों को इसका लाभ मिलेगा। कम पैसों में गुज़र बसर करने वाले लोगो के समाने महंगा समान लेना परेशानी बनेगा इससे लोगो के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो जायेगी। उंन्होने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार को व्यापारियों के कच्चे माल पर की बढ़ी हुई दरों को कम करने के लिए राहत देनी चाहिए थी लेकिन उन्हें राहत नहीं दी गई बल्कि जीएसटी की दरें बढ़ाकर आम आदमी के लिए मंहगाई को बढ़ाया जा रहा है जिसका समाजवादी पार्टी विरोध करती हैं। उन्होने कहा कि ईट उद्योग पर टैक्स बढ़ाने से प्रति ट्राली एक हज़ार रुपये का इजाफा होगा। दाम बढ़ने से गरीब तबके को सर छुपाने के लिये सहारा बनाने से रोका जा रहा है। उन्होने छोटे व्यापारियों एवं आम जनमानस की समस्याओं को देखते हुए जीएसटी की दरें बढ़ाने के निर्णय को वापस लेने की मांग किया। इस मौके पर अनुराग तिवारी, समी अहमद खान, मोनू गुप्ता, जय प्रकाश वैश्य, मो अलीम, अमित सोनी, अनीस समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

पति समेत नौ ससुरालियों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

उरई/जलौन, (संवाददाता)। नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम राजीपुरा में रविवार को नव विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने के मामले में पिता ने ससुरालियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। पति समेत नौ ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। ग्राम पिंडारी निवासी पवन कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री अंजली की शादी राजीपुरा निवासी अर्पण के साथ 22 अप्रैल 2021 को की थी। इसमें उसने करीब 10 लाख रुपये का दहेज दिया था, लेकिन ससुराल के लोग इससे खुश नहीं थे। आरोप है कि पति अर्पण, ससुर रमेश चंद्र, सास यशोदा, जेठ निर्मल व अरुण, जेठानी पूनम व दीपिका, ननद आदेश, नंदोई डॉ. पंकज आए दिन उसकी पुत्री को प्रताड़ित कर रहे थे। जब पुत्री ने यह बात उसे बताई तो वह पुत्री को अपने साथ अपने घर पिंडारी ले आया था। 17 दिसंबर को ही उक्त ससुरालियों उसके घर पर आए और भविष्य में पुत्री को प्रताड़ित न करने का भरोसा देकर पुत्री को अपने साथ लेकर चले गए थे।

निकाय की रैंकिंग बेहतर बनाने में न बरतें लापरवाही

फतेहपुर, (संवाददाता)। नगर पालिका परिषद कार्यालय में स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के संदर्भ में सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने एवं निकाय की रैंकिंग बेहतर बनाने के लिए अधिशाषी अधिकारी मीरा सिंह ने बैठक आहूत की। जिसमें सफाई एवं खाद निरीक्षक राकेश कुमार गौड़, जिला कोऑर्डिनेटर निशान सिंह, मोहम्मद हबीब व क्षेत्रों के सफाई नायक व कार्यवाहक सफाई नायक राधेश्याम, आरिफ, गजंफर, श्रवण कुमार, बिरजू, नफीसुल हक, संजय, वैभव राजन, परवेज अहमद, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, नफीस अहमद, श्रेयांश कुमार, विजय प्रकाश आदि उपस्थित रहे। ईओ ने बताया कि सफाई नायकों को अपने क्षेत्र में साफसफाई व्यवस्था नालियों की सफाई और विशेषता शौचालयों की साफसफाई नियमित रूप से कराए जाने की आवश्यकता है। ताकि गत वर्ष की रैंकिंग से बेहतर रैंकिंग निकाय को प्राप्त हो सके। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए।

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, रेग्युलेशन, मार्ग परिवर्तन एवं रीशिड्यूलिंग

रेल प्रशासन द्वारा नैनी-प्रयागराज छिवकी के मध्य तीसरी लाईन के कार्य हेतु नैनी स्टेशन पर हो रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण निम्न गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, रेग्यूलेशन तथा रीशेड्यूलिंग करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

निरस्तीकरण

क्र. सं.	गाड़ी संख्या	कहां से- कहां तक	आवृत्ति	प्रारं. स्टेशन से प्रभावी निरस्तीकरण की तिथि
1	04193	पं. दीन द. उपा. जं.-प्रयागराज	प्रतिदिन	01.01.22 से 10.01.22
2	04194	प्रयागराज-पं. दीन द. उपा. जं.	प्रतिदिन	01.01.22 से 10.01.22
3	14111	झाँसी-प्रयागराज	प्रतिदिन	09.01.22 से 10.01.22
4	14112	प्रयागराज-झाँसी	प्रतिदिन	09.01.22 से 10.01.22
5	11118	प्रयागराज छिवकी-इटारसी	प्रतिदिन	02.01.22 से 11.01.22
6	11117	इटारसी-प्रयागराज छिवकी	प्रतिदिन	01.01.22 से 10.01.22
7	12396	अजमेर जं.-राजेन्द्र नगर बिहार	साप्ताहिक	07.01.2022
8	12395	राजेन्द्र नगर बिहार-अजमेर जं.	साप्ताहिक	05.01.2022
9	22806	आनंद विहार टर्मिनल-भुवनेश्वर	साप्ताहिक	03.01.22, 10.01.22
10	22805	भुवनेश्वर-आनंद विहार टर्मिनल	साप्ताहिक	01.01.22, 08.01.22
11	09447	अहमदाबाद जं.-पटना जं.	साप्ताहिक	05.01.2022
12	09448	पटना जं.-अहमदाबाद जं.	साप्ताहिक	07.01.2022
13	09065	सूरत-छपरा जं.	साप्ताहिक	03.01.2022
14	09066	छपरा जं.-सूरत	साप्ताहिक	05.01.2022
15	06509	बेंगलूरू सिटी-दानापुर	साप्ताहिक	03.01.2022
16	06510	दानापुर-बेंगलूरू सिटी	साप्ताहिक	05.01.2022
17	01665	रानी कमलापति-अगरतला	साप्ताहिक	06.01.2022
18	01666	अगरतला-रानी कमलापति	साप्ताहिक	09.01.2022

रेग्यूलेशन

क्र. सं.	गाड़ी संख्या	कहां से- कहां तक	रेग्यूलेशन की अवधि	स्टेशनों के मध्य रेग्यूलेशन	प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि
1	11071	लो.मा. तिलक (ट)- वाराणसी जं.	01.01.22-90 मि. 05.01.22-45 मि.	मानिकपुर-नैनी	31.12.21 और 04.01.22
2	18610	लो.मा. तिलक (ट)- राँची	01.01.22-90 मि.	मानिकपुर-नैनी	31.12.21

मार्ग परिवर्तन

क्र. सं.	गाड़ी संख्या	आवृत्ति	वर्तमान मार्ग	परिवर्तित मार्ग	निम्न स्टेशनों पर ठहराव स्थगित	जे.सी.ओ.
1	12307 हावड़ा-जोधपुर जं.	सप्ताह में 04 दिन	प्र. छिवकी-प्रयागराज-टूंडला-आगरा फोर्ट-अछनेरा जं.	प्र. छिवकी-मानिकपुर-झाँसी-आगरा छा.-अछनेरा	प्रयागराज-फतेहपुर-कानपुर-इटावा-टूंडला-आगरा फोर्ट	09.01.22
2	12308 जोधपुर जं.-हावड़ा	सप्ताह में 04 दिन	अछनेरा जं.-आगरा फोर्ट-टूंडला-प्रयागराज-प्रयागराज छिवकी	अछनेरा-आगरा छा.-झाँसी-मानिकपुर-प्र. छिवकी	आगरा फोर्ट-टूंडला-इटावा कानपुर-फतेहपुर-प्रयागराज	30.12.21 से 07.01.22
3	22308 बीकानेर जं.-हावड़ा	सप्ताह में 3 दिन	अछनेरा जं.-आगरा फोर्ट-टूंडला-प्रयागराज-प्रयागराज छिवकी	अछनेरा-आगरा छा.-झाँसी-मानिकपुर-प्र. छिवकी	आगरा फोर्ट-टूंडला-इटावा कानपुर-फतेहपुर-प्रयागराज	01.01.22 से 09.01.22
4	12816 आनंद वि.-पुरी	04 दिन	प्रयागराज-मिर्जापुर पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.	प्रयागराज-प्रयागराज रामबाग-पं. दीन दयाल उपा. जं.	मिर्जापुर	30.12.21 से 10.01.22

यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी सं. 12307, 12308 एवं 22308 को प्रयागराज एवं आगरा फोर्ट के स्थान पर प्रयागराज छिवकी एवं आगरा कैण्ट स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव दिया जायेगा।

री-शिड्यूलिंग

क्र. सं.	गाड़ी संख्या	कहां से- कहां तक	री-शिड्यूलिंग अवधि	कहां से मार्ग	प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा की तिथि
1	14116	प्रयागराज-डा. अंबेडकर नगर	120 मिनट	प्रयागराज से	10.01.2022

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज 1321/21 FA

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in North Central Railway@CPRONCR

विधानसभा चुनाव में जी-जान से जुट जाएं कार्यकर्ताः अमित

- सपा सरकार बनाकर प्रदेश को खुशहाली के मार्ग पर ले जाने की अपील
- पदाधिकारियों को सौंपे मनोनयन पत्र, माला पहनाकर किया स्वागत

फतेहपुर, (संवाददाता)। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की आकस्मिक बैठक में जहां झंडा लगाओ अभियान को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई वहीं आगामी विधानसभा चुनाव में जी-जान से जुटने का आहवान किया गया। वक्ताओं ने प्रदेश में सपा सरकार बनाकर प्रदेश को खुशहाली के मार्ग पर ले जाने की अपील की। उधर नवमनोनीत पदाधिकारियों को अध्यक्ष ने मनोनयन पत्र सौंपकर माला पहनाकर स्वागत किया।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित मौर्या ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश को पढ़कर सुनाते हुए कहा कि झंडा लगाओ अभियान को पूरी निष्ठा, लगन व मेहनत से गांव-गांव चलाना है। जिससे विधानसभा चुनाव से पहले सभी घरों में सपा का झंडा लहराता मिले। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मौर्या ने कहा कि यूथ ब्रिगेड का हर एक पदाधिकारी अपने काम को पूर्ण करेगा और 2022 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सरकार बनाकर प्रदेश के किसान, नौजवान, बेरोजगार, छात्र, बुनकर को खुशहाली के मार्ग पर लाकर प्रदेश को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। समाज का हर वर्ग अपना रोजगारपरक धंधा और व्यापार करके परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से करेगा। बैठक में प्रकाश सिंह, दीपक यादव, आशीष मौर्य, अरूण सोनकर उर्फ टोनू, अमन गुप्ता, राहुल कुमार, अनिल कुमार, नूर मोहम्मद, दिनेश सिंह, विवेक वर्मा, पोसनलाल, सुशील कुमार, अभय सिंह, सोनू लोधी, अतुल सिंह, दिलीप कुमार, तालिब, विमल, हिमांशु, यादुवेंद्र, अजय यादव, महेश प्रजापति, अनिल कुमार, मनोज कुमार, नितेश कुमार मौजूद रहे।

पशुबाड़े में ताला डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

उरई/जलौन, (संवाददाता)। पशुबाड़े में ताला डालने पर दो पक्षों में मारपीट के बाद पथराव हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान में रूपसिंह के पैतृक मकान में बाड़ा है। जिसमें मवेशी बांधते हैं। इसी बाड़े को लेकर दूसरे पक्ष की पूजा अपना हक जताती हैं। मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। मंगलवार की सुबह दूसरे पक्ष ने पशुबाड़ा में ताला डाल दिया। जिस पर एक पक्ष के रूप सिंह, राधा, सुमन एवं दूसरे पक्ष से पूजा सोनिया एवं शिवानी के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई।। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच ईंट पत्थर भी चलने लगे। इसकी सूचना लोगों ने कोतवाली में दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के छह लोगों को कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

महिलाओं को स्वयं लड़नी होगी आत्मसम्मान की लड़ाई

नए वर्ष में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में संगठन करेगा मदद

फतेहपुर, (संवाददाता)। भूतपूर्व सैनिक महिला संगठन की बैठक में कई बिंदुओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि महिलाओं को अब आत्मसम्मान की लड़ाई स्वयं लड़नी होगी। इसके लिए महिलाओं को आत्मनिर्भर होना होगा। नए वर्ष में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में संगठन हरसंभव मदद करेगा। बैठक की अध्यक्षता महिला जिलाध्यक्ष जागृति तिवारी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में संरक्षिका कृष्णा चौहान ने शिरकत की। बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती चौहान ने कहा कि महिलाओं को अपने आत्म सम्मान की लड़ाई स्वयं लड़नी होगी। इसके लिए संगठन पूरी मदद करेगा। सबसे पहले आवश्यक है कि हर महिला आत्मनिर्भर बने। यदि किसी को नौकरी में दिल्ली, कानपुर या लखनऊ में मदद चाहिए तो वह उनके मोबाइल नं. 9873692080 पर संपर्क कर सकती हैं।

महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने कहा कि आगामी वर्ष में संगठन की पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की होगी। इसके लिए संगठन हर प्रकार की मदद करने को तैयार है। अब संगठन का विस्तार करना है। इस अवसर पर कर्नल आरडीएस चौहान, सुनीता दीक्षित, सुधा मौर्या, सरोज शर्मा, फूला देवी, सरिता मौर्या, रेनू यादव भी मौजूद रहीं।

यमुना नदी में पीपा पुल का नहीं शुरू हुआ निर्माण

विजयीपुर/फतेहपुर, (संवाददाता)। किशनपुर दादो घाट पर दो जिलों के लोगों की राह आसान करने के लिए पीपा पुल का निर्माण अभी तक शुरू भी नहीं कराया गया है। जिससे किशनपुर का व्यापार पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। वहीं स्कूली छात्रों को भी नाव के सहारे स्कूल आना जाना पड़ता है।

किशनपुर कस्बा सहित आसपास के व्यापारी बांदा जनपद में व्यापार के लिए आवागमन करते हैं। यमुना उस पार के लोग किशनपुर बाजार सामान खरीदने के लिए प्रतिदिन आते जाते हैं लेकिन पीपा पुल का निर्माण न होने से लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ता है, जो जोखिम भरा होता है। बांदा जिले में किशनपुर कस्बे के तमाम फेरी वाले व्यापारी व्यापार करने जाते हैं। बांदा जिले के जोरावरपुर, राघवपुर, मुसवा, भंवरा, नंदूपुर, खटान, चर्का, मर्का सहित करीब एक दर्जन से अधिक गांव के लोग किशनपुर रोजमर्रा का सामान खरीदने प्रतिदिन आते जाते हैं। जो इस समय कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। वही बच्चों को भी स्कूल आने जाने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए केवल नांव ही सहारा है। पीडब्लूडी जेई उमेश चंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि नदी में पानी अधिक होने की वजह से दो धाराएं थी जिस कारण पुल निर्माण में देरी हुई है। पुल निर्माण के पीपा और अन्य सामान आ गए हैं। पानी कम होते ही पीपा पुल का निर्माण पूरा कराया जाएगा।

सपा का गांव-गांव चल रहा झंडा लगाओ अभियान

सदर विधानसभा के प्रबल दावेदार ने अभैया लक्ष्मणपुर में लगवाए झंडे

अभैया लक्ष्मणपुर गांव में सपा का झंडा लगवाते राजू साहू

फतेहपुर, (संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा-निर्देशन में जिले में सपा का झंडा लगाओ अभियान जोर-शोर से गांव-गांव चल रहा है। टिकट के दावेदारों के साथ-साथ पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर सपा की नीतियों की ग्रामीणों को जानकारी देकर अपने घर पर सपा का झंडा लगाने की अपील कर रहे हैं।

मंगलवार को सदर विधानसभा के प्रबल दावेदार एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजू साहू के नेतृत्व में समर्थक अभैया लक्ष्मणपुर गांव पहुंचे। जहां उन्होने घर-घर जाकर सपा की नीतियों एवं रीतियों की जानकारी दी। उन्होने कहा कि सपा ही एक ऐसा दल है जो सभी जाति, वर्गों एवं धर्मों को साथ लेकर चलती है। पूर्ववर्ती सपा शासनकाल में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तमाम योजनाएं संचालित करके लोगों को लाभान्वित करने का काम किया था। उनके द्वारा किए गए विकास कार्यो का फीता आज भी योगी सरकार काट रही है। उन्होने कहा कि प्रदेश में सपा ने सड़कों का जाल बिछाया। लैपटाप, कन्या विद्या धन योजना लागू करके बच्चों को उनका अधिकार दिया। उन्होने कहा कि यदि प्रदेश में दोबारा सपा सरकार आई तो कई नई योजनाएं शुरू होंगी। बंद योजनाओं को दोबारा चालू किया जाएगा। उन्होने समर्थकों के साथ कई घरों पर सपा का झंडा लहराने का काम किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अनिल पासवान, सूरजपाल रावत, रिंकू यादव, महेंद्र सिंह यादव, तेज यादव भी मौजूद रहे।

बदमाशों ने दिनदहाड़े मारपीट कर दुकानदार से की लाखों की लूट

फतेहपुर, (संवाददाता)। दो दिन पहले दिनदहाड़े बेखौफ दबंगों ने दुकानदार की पिटाई कर दी। इसके बाद नगदी व जेवरात समेत लाखों की लूट की घटना को अंजाम देकर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। दिन दहाड़े लूट की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। पीड़ित ने घटना की शिकायत एसपी से की है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बा निवासी सुशील गुप्ता की कस्बे में कपड़े की दुकान है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 19 दिसंबर की शाम दुकान में उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी व बेटा शिवम गुप्ता मौजूद थे। इसी बीच गांव के रमेश विश्वकर्मा व विद्यासागर विश्वकर्मा उर्फ बड़े दुकान से कपड़े लेकर जाने लगे। इस पर दुकान में बैठी उसकी माँ लक्ष्मी देवी व शिवम पैसे मांगे तो उक्त दोनों दबंगों ने गाली गलौज कर लगभग आठ लोगों को बुलाकर तांडव करते हुए पीड़ितों के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं पंडिता का आरोप है कि दबंगो ने तमंचे के बल पर बिक्री के गुल्लक में रखे 55 हज़ार की नगदी, एक सोने की जंजीर व महिला का मंगल सूत्र लूटकर मौके जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। महिला व उसके बेटे ने मंगलवार को एसपी ऑफिस पहुंचकर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर दबंगों पर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

संपादकीय

वेतनवृद्धि का कैनवास

विशेषाधिकार प्राप्त सरकारी कर्मचारी हिमाचल सरकार के वादों और घोषणाओं के मुताबिक, वेतनवृद्धि के कैनवास पर मुस्करा सकते हैं। यहां प्रदेश की ऊर्जा, राजनीति की प्राथमिकता और वित्तीय संसाधन दिल खोलकर करिश्मा दिखा रहे हैं, तो प्रदेश के दो लाख सरकारी कर्मचारी सरकार की नीयत से संधि कर सकते हैं। यानी प्रदेश की एक और सरकार ने चार कदम आगे चलकर कर्मचारियों का वेतन 15 फीसदी तक बढ़ाते हुए उनकी तीन हजार से 25 हजार तक की पगार बढ़ा दी है। पेंशनरों के लिए भी यह वसंत पंद्रह सौ से बारह हजार तक की मासिक आय बढ़ा देगी। यह दीगर है कि न्यू पेंशन स्कीम के खूंटे पर अटके अरमान अभी इस काबिल नहीं कि इस खाई को पाट सकें। आश्चर्य यह कि कर्मचारी फलक पर हर साल चार हजार करोड़ का अतिरिक्त बोझ उठाकर भी हिमाचल राज्य के माथे पर आर्थिक संकट की कोई शिकन नहीं, जबकि दूसरी ओर रोजगार के घटते अवसरों पर सरकारी खजाने के पास कोई मरहम नहीं। दो लाख सरकारी कर्मचारियों पर न्यौछावर राज्य के वित्तीय संसाधनों पर गौर करें, तो यह मात्र तीन फीसदी संख्या पर खर्च हो रहा है। यह अलग बात है कि राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक कर्मचारी संख्या खड़ी करके हिमाचल का रोजगार सरकारी परिपाटी में ही घूम रहा है, जबकि निजी क्षेत्र या स्वरोजगार की तलाश में कई हिमाचल हमारे आसपास घूम रहे हैं। दो लाख सरकारी कर्मचारियों के मुकाबले निजी क्षेत्र के तहत पच्चीस लाख लोगों के रोजगार को भी मान्यता मिलनी चाहिए। एक छोटी सी दुकान या रेहड़ी पर कम से कम चार लोगों की जिंदगी दौड़ रही है, तो उनके कल्याण में सार्वजनिक धन का इस्तेमाल हो सकता है। वर्षों से व्यापार मंडलों के मसलों पर छाई खामोशी पर अगर कुछ प्रोत्साहन छिड़क दें, तो रोजगार बढ़ेगा। अगले साल से चार हजार करोड़ अतिरिक्त खर्च करके हिमाचल नया रोजगार पैदा नहीं कर रहा है, लेकिन इतना ही धन अगर रोजगार पैदा करने की अधोसंरचना पर खर्च करें तो क्रांति आ सकती है। सरकारी नौकरी की पूजा करते-करते राज्य का खजाना इतना अक्षम हो चुका है कि इसका दुष्प्रभाव गैर सरकारी रोजगार पर पड़ रहा है। उदाहरण के लिए अगर हिमाचल के संसाधन नए बस स्टैंड, आधुनिक शॉपिंग कांप्लेक्स, हाई-वे टूरिज्म, धार्मिक पर्यटन विकास, नए निवेश केंद्रों, ट्रांसपोर्ट नगरों, आईटी पार्कों, आधुनिक सब्जी मंडियों तथा इसी तरह के स्वरोजगार संकल्पों पर खर्च किए जाएं, तो हर साल कम से कम एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। सौ नए बस स्टैंड कम शॉपिंग कांप्लेक्स, मल्टीप्लैक्स तथा हाई-वे पर बस स्टॉप कम बिजनेस सेंटर ही विकसित करें, तो यह निवेश रोजगार के अवसर बढ़ाएगा। धार्मिक स्थलों पर माकूल अधोसंरचना का निर्माण, रोजगार के अवसर बढ़ाएगा। हम यह कदापि नहीं कहेंगे कि सरकारी कर्मचारियों को कितना दिया जाए, लेकिन यह जरूर कहेंगे कि सरकारी निवेश से रोजगार की संपूर्णता में निजी क्षेत्र को भी भागीदार बनाया जाए। इस दृष्टि से स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार परिवहन योजना एक अच्छी पहल हो सकती है।

संघ का एक राष्ट्र, एक रूप

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक डा. मोहन भागवत के सान्निध्य में जागृत होती राष्ट्रीय भावना, हिंदू व हिंदुत्व के महीन पर्दे और मानवीय अलंकरण के मसौदों में समाज के दर्पण का अवलोकन, इन दिनों कांगड़ा की परिधि में एक बड़ी कार्यशाला में निरुपित हुआ। अपने इतिहास के सौ साल की ओर बढ़ रहा संघ परिवार मानवीय जिज्ञासा, राष्ट्रीय चित्रण, सामाजिक संकल्प, देश के ध्येय और स्वयं को निर्धारित करते आदर्शों को सामने ला रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में हिमाचल के प्रबुद्ध वर्ग की नुमाइंदगी में मोहन भागवत के साथ हिमाचल रू-ब-रू हुआ, तो मोहन भागवत जीवन का तिनका-तिनका और राष्ट्र का मनका-मनका जोड़ देते हैं। यहां स्वयं सेवक और संघ परिवार दो अलग संदर्भों की व्याख्या में जीवन के मूल का उच्चारण होते हैं, लेकिन जीवन पद्धति से देश के लिए जीने और मरने वालों की पौध की शिनाख्त भी सामने आती है। समाज की एकता में देश और नागरिक, न जाति और न ही पंथ के रूप में देखे जाते हैं। भागवत देश के अभिप्राय में नागरिक समाज में गुणवत्ता का आचरण टटोलते हैं। देश को आगे रखते हुए समाज कितना अनुशासित दिखाई देता है या कायदे-कानूनों में कितना जीरो टांलरेंस दिखाता है, इसको लेकर भारतीय मानस को वह खंगालते हैं। ऐसे में वक्तव्यों की तांकझांक में उच्चारण तो सही व सटीक हैं, लेकिन नागरिक जिम्मेदारी व जवाबदेही के आंकड़े तो बुरी तरह कुचले जा रहे हैं। नागरिक अपना अलग संसार बना कर देश को किसी कोने में खड़ा कर देते हैं। देश तो किसी मंदिर में बौना हो जाता है, क्योंकि वहां भूख व भिखारियों में लिपटा आचरण दया-भाव जगा सकता है, लेकिन इस चौखट में भी लेन-देन करता इनसान केवल एक पक्ष को बड़ा बना देता है। भागवत स्पष्टता से कहते हैं कि अच्छे राष्ट्र के निर्माण के लिए सारे कार्य सरकारें नहीं कर सकतीं और अगर देश की अर्थनीति का यही भविष्य है, तो फिर निजी क्षेत्र के प्रति सरकारों की दृष्टि क्यों असामान्य है। दूसरी ओर समाज से निकलते राष्ट्र के कदम, आत्मबल के लिए अपने अनुशासन, त्याग, मेहनत व कसौटियां तय नहीं करेंगे, तो भारत अतुलनीय नहीं होगा। व्यक्ति और समाज के बीच टकराव के लिए कोई जगह नहीं। मोहन भागवत के सामने हिमाचल का सांस्कृतिक, बौद्धिक व श्रेष्ठ उपलब्धियों से अलंकृत समाज कई प्रश्न उठाता है, लेकिन यथार्थ में हम अपने वजूद के कई छिलके देखते हैं। राज्य के समक्ष कई उदाहरण ऐसे आश्रमों की ख्याति करते हैं, जहां समाज असमानता के तिनके बटोर लेता है, लेकिन आश्रम के बाहर सामुदायिक व्यवहार में रत्ती भर परिवर्तन नहीं आता। हिमाचली समाज की चिंताओं में मंदिरों का सरकारीकरण, खेल संघों पर राजनेताओं का कब्जा,इतिहास लेखन के द्वंद्व, पर्यावरणीय शर्तों के बीच जल विद्युत उत्पादन, महिला सशक्तिकरण, जातीय वैमनस्य, गोमाता की दुर्दशा, आजादी के बाद के भारतीय युद्धों और पराक्रम के इतिहास लेखन पर जब चर्चा होती है, तो सरसंघ चालक के सामने प्रश्नों के आत्मविश्लेषण-आत्म चिंतन के रास्ते खुलते हैं।

ई-लाइब्रेरी का सामयिक महत्त्व

डा. वरिंदर भाटिया

किताबों के शौकीन लोगों के लिए ऑनलाइन यानी ई-लाइब्रेरी किसी तोहफे से कम नहीं है। आज के युग में डिजिटल मोड से जुड़े लर्निंग के सभी साधनों का उपयोग हमें स्पर्धा में आगे रखेगा। 5जी की शुरुआत होने वाली है। ई-लाइब्रेरी के फैलाव से हम सबके लिए ई-लर्निंग में एक नई क्रांति की शुरुआत होगी

सीखने, सिखाने का जमाना डिजिटल होता जा रहा है। इसके साथ ही देश में ई-लाइब्रेरी का चलन बड़ी तेजी से फैल रहा है। हाल ही में डिजिटल इंडिया पहल का समर्थन करने की प्रतिबद्धता और देश भर में ई-कंटेंट की पहुंच बढ़ाने के लिए एक प्राइवेट डिजिटल लाइब्रेरी लॉन्च की गई है। यह डिजिटल लाइब्रेरी देश की नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों के भी अनुरूप है। एक बड़ी पब्लिशिंग कंपनी द्वारा स्थापित की गई डिजिटल लाइब्रेरी का उद्देश्य देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, शिक्षकों और शिक्षार्थियों को एक व्यापक डिजिटल शिक्षण समाधान उपलब्ध कराना है। यह लाइब्रेरी कई विषयों में ई-पुस्तक संग्रह और डिजिटल सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगी। इस लाइब्रेरी में 4000 से अधिक ई-बुक टाइटल का संकलन किया गया है। गुणवत्तापूर्ण संसाधनों की बढ़ती मांग को पूरा करने और भारत को वैश्विक अध्ययन गंतव्य बनाने में यह मदद करेगा। डिजिटल लाइब्रेरी का उद्देश्य बिल्ट-इन एनालिटिक्स का उपयोग करके सटीक गुणवत्ता वाली सामग्री की पेशकश करना है। यह शिक्षण संस्थानों के लिए आसान शिक्षण प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) एकीकरण छात्रों और शिक्षकों के लिए एकल-साइन-ऑन पहुंच का लाभ देगा, जिसका अर्थ है कि वे एक अलग लॉगिन की आवश्यकता के बजाय कॉलेज प्रणाली में एकल क्रेडेंशियल के साथ उत्पादों तक पहुंच सकते हैं। क्लाउड और आईपी पर सब्सक्रिप्शन मॉडल के आधार पर, यह संस्थानों को डिजिटल में जाने और भौतिक बुनियादी ढांचे पर महत्त्वपूर्ण बचत करके लागत दक्षता बढ़ाने में मदद करेगा। नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर तैयार की गई यह डिजिटल लाइब्रेरी छात्रों के लिए वन-स्टॉप, डिजिटल हैंडी रिपोजिटरी के रूप में भी कार्य करेगी, जिससे उन्हें किसी भी समय, कहीं भी परेशानी मुक्त अध्ययन सामग्री के साथ चलते-फिरते सीखने की स्वतंत्रता मिलेगी। कोरोना महामारी के दौरान घर पर बैठकर की जा रही पढ़ाई में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया छात्रों की पहली पसंद बनकर उभरी है। देश में कोरोना की पहली लहर आने के बाद भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से इसे तैयार किया गया था।

वहीं इसे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खड़गपुर के द्वारा चलाया जा रहा है। खास बात है कि पिछले साल तैयार हुई इस लाइब्रेरी में अभी तक 60 लाख से ज्यादा छात्र रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इस लाइब्रेरी से रोजाना तकरीबन दो लाख डॉक्यूमेंट पढ़ाई के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही इस लाइब्रेरी के प्लेटफॉर्म को इस्तेमाल करने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। ऐसे में अभी तक 60 लाख के लगभग बच्चे यहां रजिस्टर्ड हैं, जबकि करीब 32 लाख छात्र इस लाइब्रेरी पर सक्रिय हैं। इसमें 7.3 करोड़ पढ़ाई से संबंधित दस्तावेज या किताबों का ज्ञान उपलब्ध है, जिसमें से 60-70 फीसदी मैटीरियल पूरी तरह फ्री है। हालांकि इस लाइब्रेरी से संबंधित किसी भी किताब या डॉक्यूमेंट के इस्तेमाल पर कोई शुल्क नहीं है, लेकिन बाकी बचा हुआ करीब 30 फीसदी मैटीरियल सब्सक्रिप्शन पर मिलता है। ऐसे में करीब छह करोड़ के आसपास किताबें यहां से बच्चे किसी भी वक्त इस्तेमाल कर सकते हैं। इस लाइब्रेरी में प्राइमरी से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक की किताबें उपलब्ध हैं। इसके साथ ही यहां छात्रों से लेकर टीचर्स, रिसर्चर्स, लाइब्रेरियन और अन्य प्रोफेशनल के लिए भी किताबें मौजूद हैं। यहां मिलने वाला कंटेंट या मैटीरियल ऑडियो, वीडियो, डॉक्यूमेंट और किताबों के अलावा थीसिस के रूप में है। डिजिटल युग में पढ़ना तेजी से स्क्रीन-आधारित हो गया है। ई-लाइब्रेरी से मतलब उस डिजिटल लाइब्रेरी या डिजिटल पुस्तकालय से है, जहां पर हमें फिजिकल रूप से जाना नहीं पड़ता तथा 365 दिन हम 24 घंटे इस लाइब्रेरी का उपयोग कर सकते हैं तथा अपने अनुसार अध्ययन सामग्री प्राप्त कर सकते हैं।

ई-लाइब्रेरी का अर्थ एक ऐसी लाइब्रेरी से है जहां पर डिजिटल रूप से सूचना और अध्ययन सामग्री एक्सेस की जाती है। इस लाइब्रेरी में इंटरनेट कनेक्शन के द्वारा कंप्यूटर या फिर एंड्राइड मोबाइल के द्वारा हम कहीं पर भी देश के किसी भी कोने में बैठकर किसी भी समय अपने अनुसार सूचना तथा अध्ययन सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों या स्रोतों जैसे कम्प्यूटर, मोबाइल, टीवी, रेडियो आदि के माध्यम से कई प्रकार कि सूचनाएं तथा विभिन्न क्षेत्रों का ज्ञान प्राप्त करना ई-लाइब्रेरी का भाग है। ई-लाइब्रेरी में सभी स्तर के अनुसार अधिगम सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसमें आप प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक तथा अनुसंधानकर्ताओं के लिए भी हर प्रकार की सामग्री उपलब्ध रहती है। ई-लाइब्रेरी अनुसंधान कार्य को अत्यंत सरल बना देती है क्योंकि इसके द्वारा समस्त प्रकार की अधिगम और अनुसंधान संबंधित सूचनाएं तथा लिखा हुआ लेख अधिगमकर्ताओं तक बहुत ही आसानी से पहुंच जाता है। ई-लाइब्रेरी द्वारा अधिगम या ज्ञान प्राप्त करने के लिए कुछ माध्यमों की आवश्यकता होती है, जैसे कंप्यूटर, मोबाइल फोन, बहु माध्यम नेटवर्किंग आदि। इन सभी की सहायता से ई-लाइब्रेरी बहुत ही सरल और आसान बन गई है। ई-लाइब्रेरी ऑनलाइन लाइब्रेरी का ही एक प्रारूप है। यह उन लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी है जिनके पास समय की कमी है। इन लोगों के पास यह सुविधा होती है कि वे ऑनलाइन किताबें पढ़ सकें। इसमें उन्हें पन्ने पलटने की भी जरूरत नहीं होती। सरकारों को ई-लाइब्रेरी की सुविधा विकसित करने के लिए काम करना चाहिए और फंडिंग के लिए आगे आना चाहिए।

स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों में छात्रों के लिए यह वरदान है। ई-लाइब्रेरी से आपको बाजार में आई नई किताबों के बारे में जानकारी मिल जाती है। आपके मनपसंद लेखक की कौन सी नई किताब आई, इसके बारे में आपको पता लग जाता है। इन ऑनलाइन लाइब्रेरियों में आप विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र की किताबों से लेकर हिंदी उपन्यास भी पढ़ पाएंगे।

कई ऐसी ऑनलाइन लाइब्रेरी हैं जिनमें आप किताबों की समीक्षा लिख सकते हैं। इससे आपको कौन सी किताब खरीदनी है, इसके बारे में अंदाज लग जाता है। अभी कुछ दिनों पहले ही सोशल नेटवर्किंग साइट पर एक ऑनलाइन बुक क्लब की शुरुआत की गई है। 'वीरीड' नाम का यह एप्लीकेशन कई सोशल नेटवर्किंग साइट पर मौजूद होगा। इसके माध्यम से आप अपने दोस्तों से किताबों से जुड़ी इनफॉरमेशन शेयर कर सकते हैं। इसमें आपको इस बात का फायदा है कि आप अपना कैटेलॉग बना सकें। वहीं समान विचारधारा वाले लोगों से किताबों के बारे में बात करने से आपका ज्ञान भी बढ़ता है। इसके माध्यम से रिसर्च से जुड़े लोगों को घर बैठे ही विशेष सामग्री उपलब्ध हो जाती है। इसके लिए उन्हें लाइब्रेरी और विभिन्न जगहों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। साथ ही किसी विषय विशेष के बारे में विस्तृत जानकारी मिल जाती है।

कई ऑनलाइन लाइब्रेरी आपको किसी विषय के बारे में जानकारी एकत्रित करने के लिए साइटों के रेफरेंस देती हैं। साथ ही इन पर विषय और टॉपिक के अनुसार उस विषय के लेखकों की किताबों के नाम दिए जाते हैं जिससे आपको विभिन्न लोगों से इस बात की पूछताछ नहीं करनी पड़ती कि अमुक विषय के लिए कौनसी किताब पढ़ी जाए। किताबों के शौकीन लोगों के लिए ऑनलाइन यानी ई-लाइब्रेरी किसी तोहफे से कम नहीं है। आज के युग में डिजिटल मोड से जुड़े लर्निंग के सभी साधनों का उपयोग हमें स्पर्धा में आगे रखेगा। 5जी की शुरुआत होने वाली है। ई-लाइब्रेरी के फैलाव से हम सबके लिए ई-लर्निंग में एक नई क्रांति की शुरुआत होगी। हम ज्यादा ज्ञान से पॉवरफुल होंगे। यह राष्ट्र हित के लिए महत्त्वपूर्ण है।

गणित का जीवन और जीवन का गणित

प्रतिवर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस को इस दिवस के रूप में मनाने के पीछे उनके गणित के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य हैं, जिन्होंने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया। हालांकि भारतवर्ष में अनेक महान विभूतियों का जन्म हुआ है, जिन्होंने विज्ञान, अध्यात्म, योग, तकनीकी आदि लगभग सभी क्षेत्रों में भारत को पूरे विश्व में अग्रणी रखा है, परंतु जब हम गणित की बात करते हैं तो यह सूची भी कम नहीं है। भारत का गणित से बहुत पुराना रिश्ता है और यह वैदिक काल के पूर्व से भी जीवंत माना गया है। जब भी गणित में पूर्ण संख्याओं की बात आती है तो हर किसी की जुबान पर आज भी एक ही नाम आता है, आर्यभट्ट का। वैदिक युग में इस विश्व विख्यात गणितज्ञ ने जहां विश्व को शून्य का ज्ञान दिया, वहीं इसकी मदद से दशमलव प्रणाली को भी विकसित किया।

इसके साथ ही इस महान गणितज्ञ ने द्विघात समीकरण, त्रिकोणमिति, खगोलीय स्थिरांक, अंकगणित व बीजगणित आदि क्षेत्रों को सरल विधि द्वारा विश्व को प्रदान किया। इतना ही नहीं खगोल विज्ञान के क्षेत्र में उन्होंने इस बात की पुष्टि की थी कि पृथ्वी प्रतिदिन अपनी ही धुरी पर घूमती है, न कि सूरज। यदि हम सिंधु घाटी सभ्यता और मोहनजोदड़ो व हड़प्पा सभ्यता के खुदाई में मिले अवशेषों पर नजर डालें तो इस बात के साक्ष्य भी प्राप्त होते हैं कि उस समय भी गणित का इस्तेमाल किया जाता था। तब से लेकर आज तक गणित ने निरंतर प्रगति ही की है। आधुनिक काल के गणित पर ध्यान दें तो एस रामानुजन के अनेक योगदान दृष्टिगोचर होते हैं जिन्होंने मुश्किल समय में न केवल स्वयं गणित सीखा, बल्कि गणित के 3884 प्रमेयों का संकलन भी किया। इन्होंने विशेष प्रकार की प्राकृतिक संख्याओं के बारे में बताया, जिन्हें दो अलग जोड़ीदार संख्याओं के घनों के द्वारा निरूपित किया जा सकता है और जिन्हें आज हम सभी रामानुजन संख्याओं के नाम से जानते हैं। उदाहरण के लिए 1729 एक रामानुजन संख्या है जिसे (1 गुणा 1 गुणा 1) प्लस (12 गुणा 12 गुणा 12) और (9 गुणा 9 गुणा 9) प्लस (10 गुणा 10 गुणा 10) दो जोड़ियों में निरूपित किया जा सकता है। इस प्रकार गणित का जीवन बहुत पुराना है और जीवन में गणित का स्थान भी बहुत पुराना है। स्कूल-कॉलेज में पढ़ाए जाने वाले विषयों में इसे सबसे अधिक रोचक विषय कहा जा सकता है। यह अलग बात है कि फिर भी इस विषय से दूर भागने वाले छात्र भी अनेक हैं। वास्तव में जब विद्यार्थी गणित को मात्र एक विषय के रूप में देखते हैं तो वे इससे डरते हैं, परंतु जब उन्हें इस बात का एहसास हो जाए कि गणित केवल विषय नहीं अपितु जीवन का एक अनिवार्य अंग है तो उनका डर समाप्त हो सकता है। यूं तो प्रत्येक विषय को रुचिकर बनाने के लिए विभिन्न सहायक सामग्रियों का उपयोग और खेल विधि का सहारा लिया जा सकता है, परंतु गणित के क्षेत्र में इसकी अपार संभावनाएं हैं। इस प्रकार गणित को रुचिकर बनाकर इसके प्रति विद्यार्थियों का भय समाप्त किया जा सकता है। क्योंकि गणित का कार्यक्षेत्र स्कूली पाठ्यक्रम से लेकर घर एवं बाजार तक सब जगह पर व्याप्त है। अतः गणित का दायरा संकुचित नहीं किया जा सकता। जब कोई व्यक्ति बाजार में किसी वस्तु की खरीददारी कर रहा होता है तो वह रुपयों का हिसाब-किताब करता है, रेलवे की समय सारिणी पर वह ट्रेन का आगमन व प्रस्थान और रेल भाड़ा चेक करता है, घर पर वह अपने मासिक खर्च का ब्यौरा रखता है। इन सब कार्यों को करते समय वह जाने-अनजाने में गणित का ही प्रयोग कर रहा होता है और ऐसे समय पर वह यह कदापि नहीं कहता कि मुझे गणित में रुचि नहीं है, इसलिए मैं यह नहीं करूंगा।

कारण स्पष्ट है कि जीवन में गणित का स्थान अतुलनीय है। गणित एक ऐसा विषय है जो व्यक्ति को व्यावहारिक बनाने में दक्ष करता है। गणित अन्य विषयों में भी आपसी तालमेल कायम करने में सहायक होता है। अन्य सभी विषयों में भी गणित की सहायता आवश्यक होती है। फिर चाहे विज्ञान में रासायनिक सूत्रों की बात हो, सामाजिक अध्ययन में वर्ष व जन्मतिथि हों, हिंदी में अंकों की बात की जाए, ड्राइंग में स्केल बनाना और शारीरिक शिक्षा में खेल मैदान की स्थिति स्पष्ट करना, यह सब भी गणित की मदद से सरल हो पाता है। कोरोना काल में व्यक्ति के शरीर का तापमान हो, रोगियों और स्वस्थ होने वाले व्यक्तियों और मृत्यु का ग्रास बनने वाले लोगों का आंकड़ा प्रदर्शित करना हो, इन सब कार्यों में गणित की ही सहायता ली जाती है। दैनिक जीवन में ऐसा कोई दिवस नहीं होगा जब गणित का जाने या अनजाने में प्रयोग न किया गया हो। समाचारपत्रों, पत्रिकाओं और समाचार चैनलों में भी इसकी सहायता ली जाती है। जिस प्रकार भोजन में नमक दिखाई न देने पर भी अहम भूमिका निभाता है, उसी प्रकार जीवन में से गणित को निकाल देने का तात्पर्य जीवन को नीरस कर देने के समान है। गणित से संबंधित पहेलियां और खेल इस विषय को और भी अधिक रोचक बनाने में मदद करते हैं। वैदिक गणित और ओरिगामी (पेपर गणित) इसकी वे शाखाएं हैं जिनमें नित नए प्रयोग इसकी शिक्षा को सरल रूप प्रदान करते हैं। ओरिगामी में कागज को विभिन्न तरीकों से मोड़कर खेल-खेल में बीज गणित एवं गुणा-भाग से संबंधित प्रश्नों को सरलता से सिखाया जाता है। यदि प्रारंभिक गणित की बात की जाए तो इसकी नींव जमा, घटाव, गुणा, भाग में समाई है और इसमें भी जमा सबसे मुख्य माना जाता है।

वर्ग पहेली 4505

1	2	3	4	5		■	6
7					■	8	
■		■	9			■	
10	■	11			■	12	
13	14			■	15		
16		■	■	17		■	
■	18		19	■	20		
21		■	22			■	

संकेतः बाएं से दाएं

1. 11 अगस्त 1908 को इस महान क्रांतिकारी फांसी दी गई (7)
7. दमन करने वाला (5)
8. अंतरिक्ष, आकाश, आसमान (2)
9. नृत्य करवाना (3)
11. पार्श्व, पहलू, पक्ष (3)
12. जल, आब, नीर, पानी (2)
13. विवाह के समय होने वाली एक रस्म, शशि कपूर-आशापारेख अभिनीत एक फिल्म (1968)(4)
15. स्वभाव, लत, व्यसन (3)
16. निर्णीत, फैसला किया हुआ, ठहराया हुआ (2)
17. तौल की एक सूक्ष्म ईकाई ता आइ रत्ती के बराबर होती है (2)
18. विलक्षण वस्तु या करतब, चमत्कार, पराकाष्ठा (3)
20. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (सिर्फ नाम)(3)
21. करने वाला, रचने वाला, साधक (2)
22. यथेष्ट, आवश्यकता से अधिक, अत्यधिक ज्यादा (3)

ऊपर से नीचे

1. स्वयं, आप (2)
2. एक प्रकार का कीट जो कागज आदि को हानि पहुंचाता है (3)
3. जंघा, जांघ (2)
4. चक्राकर बंदूक यह कहलाती है (5)
5. बातचीत, वार्तालाप (4)
6. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति (8)
10. बल, शक्ति, पॉवर (3)
11. जो भाग्य में लिखा हुआ हो (2)
12. अभियोग, तर्क, दार्शनिक प्रणाली (2)
14. न्यायाधीश, जज, न्याय करने वाला (4)
15. प्रत्याशतीत, कल्पनातीत, स्वप्नातीत, अकल्पनीय (4)
19. रदपट, अधर, ओंठ, ओष्ठ (2)

वर्ग पहेली 4504 का हल

प	द	मा	■	चं	ब	ल	■
रि	वा	ज	■	ग	ल	त	■
व	■	रा	■	ला	वा	■	वा
र्त	■	■	मु	■	■	गै	र
न	ई	दु	नि	या	■	■	दा
■	द	र्ज	■	द	ह	श	त
चौ	गा	न	■	गा	य	■	■
रा	ह	■	बा	र	■	■	पौ

छोटा परदा

बुधवार, दिनांक 22 दिसंबर-2021

StarPlus: 11:00 अनुपमा, 11:30 इमली, 12:00 ये है मोहब्बतें, 1:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 2:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 3:00 साथ निभाना साथिया, 6:00 आपकी नजरों ने समझा, 7:00 शौर्य और अनोखी की कहानी, 7:30 शादी मुबारक, 8:00 गुम है किसी के प्यार में, 8:30 इमली, 9:00 साथ निभाना साथिया, 10:00 अनुपमा

➤➤➤

SONY SAB: 11:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 12:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 2:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 3:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 3:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 4:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 6:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 7:00 मेरे सांई, 7:30 पुण्यश्लोक, 8:00 विघ्नहरता गणेश, 9:00 क्यों उत्थे दिल छोड़ आये, 9:30 इश्क पर जोर नहीं, 10:00 क्राईम पेट्रोल सतर्क, 11:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल

➤➤➤

ZEE TV: 11:00 कुंडली भाग्य, 12:00 मेरी ताकत, 12:30 कुमकुम भाग्य, 1:00 कुंडली भाग्य, 2:00 पुर्नविवाह, 3:00 पवित्र रिश्ता, 4:00 पवित्र रिश्ता, 5:00 पवित्र रिश्ता, 6:00 हैवान, 8:00 जोधा अकबर, 7:00 अपना टाईम

भी आएगा, 7:30 हमारी वाली गुडन्यूज, 8:30 तुझसे है राबता, 9:00 कुमकुम भाग्य, 9:30 कुंडली भाग्य, 11:00 कुमकुम भाग्य

➤➤➤

colors: 11:00 श्री कृष्णा, 11:30

उडायां, 12:00 ससुराल सिमर का, 2:00 थपकी प्यार की, 5:30 नागिन, 6:50 ससुराल सिमर का, 7:30 छोटी सरदारनी, 8:00 शक्ति, 8:30 बेरिस्टर बाबू, 9:00 नमक इश्क का, 9:30 बावरा दिली, 10:00 पिजरा खूबसूरती का, 11:00 ससुराल सिमर का,

➤➤➤

SONY SAB: 11:00 मैडम सर, 12:00

तेरा यार हूं मैं, 12:00 हीरों, 1:00 वागले की दुनिया, 1:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 2:30 मैडम सर, 3:00 हीरो, 3:30 तेरा यार हूं मैं, 4:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:00 मैडम सर, 5:30 जीजाजी छत पर है, 6:00 वागले की दुनिया, 6:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 7:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:00 हीरो, 8:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:00 वागले की दुनिया, 9:30 तेरा यार हूं मैं, 10:00 मैडम सर, 10:30 जीजाजी छत पर है, 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा

➤➤➤

NATIONAL: 10:00 यहां के हम सिकंदर, 11:30 क्योंकि जीना इसी का नाम है, 12:00 मेरा देश बलाऐं रे, 12:30 ठुमरी एक परंपरा, 1:00

मंगलसूत्र... 2:00 सुकन्या हमारी बेटियां, 2:30 हरी मिर्ची-लाल मिर्ची, 3:00 बिन बिटियां आंगन सूना, 4:00 नई सोच, 5:30 यहां के हम सिकंदर, 6:00 चंद्रमुखी, 7:00 महाराण रंजीत सिंह, 8:00 द्रोपदी, 9:00 श्री गणेश, 9:30 श्री गणेश, 10:00 ना हौंसला हारेगे हम, 10:30 पुरवाई-एक नई आशा, फुले, 11:00 बिन बिटिया आंगन सूना

➤➤➤

ZEE CINEMA: 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

➤➤➤

MOVIES OK: 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

आज का राशिफल

मेष शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है।

वृषभ मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं। आय में वृद्धि होगी।

मिथुन धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। आत्मसंयत रहें।

कर्क परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें।

सिंह सुस्वादु खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

कन्या नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

तुला शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

वृश्चिक बातचीत में संयत रहें। पिता से धन प्राप्त हो सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही हैं।

धनु परिवार में शान्ति के लिए प्रयास करें। राजनेता से भेंट हो सकती है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

मकर पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कुंभ माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

मीन शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग रहेगा। आलस्य की अधिकता रहेगी।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 4505

5			6		7			
	4		3		9	8		
3	7							1
4							3	
6	3		1	2	5		9	4
	1							8
8							7	6
		7	2		6		1	
			5		3		

शासन के आदेश को हाई कोर्ट ने किया निरस्त,चेयरमैन को फिर मिले अधिकार

⇨ गलत शिकायतों और सदर विधायक की कारगुजारी पर शासन ने सीज किए थे वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार

⇨ पालिकाध्यक्ष मोहन साहू ने कहाः उच्च न्यायालय से मिला न्याय, डीएम ने मेरा पक्ष जाने बिना भेजी थी रिपोर्ट

बांदा, (संवाददाता)। नगर पालिकाध्यक्ष मोहन साहू को आखिरकार उच्च न्यालयय से न्याय मिल गया। उनके वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज करने के शासन द्वारा जारी किए गए आदेश को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया। इस तरह से पालिकाध्यक्ष एक बार फिर से अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे। चेयरमैन ने कहा कि सदर विधायक ने शासन स्तर पर अनर्गल दबाव बनाया था। जिलाधिकारी ने भी बिना उनका पक्ष जाने शासन स्तर पर रिपोर्ट प्रेषित कर दी थी, जो गलत था। चेयरमैन ने कहा कि असत्य पर सत्य की जीत हुई है। शासन स्तर पर कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद जल्द ही वह कुर्सी संभालेंगे और पालिका के विकास कार्यों को गति देंगे।

डिग्गी चौराहा स्थित अपने आवास में मंगलवार को मीडिया से रूबरू होते हुए पालिकाध्यक्ष मोहन साहू ने कहा कि उनके खिलाफ की गई गलत शिकायतों और सदर विधायक के अनर्गल दबाव के चलते शासन ने आदेश जारी करते हुए 25 अगस्त 2021 को उनके प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार सीज कर दिए थे। उन्होंने बताया कि एक पत्र देकर उन्होंने जिलाधिकारी से कहा था कि बिना उनका पक्ष जाने शासन को रिपोर्ट न भेजी जाए। सदर विधायक ने अपनी पहुंच का गलत इस्तेमाल किया ही साथ ही जिलाधिकारी ने भी अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करते हुए बिना मेरा पक्ष जाने शासन को रिपोर्ट कर दी। रिपोर्ट के आधार पर शासन ने वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए। पालिकाध्यक्ष मोहन साहू ने बताया कि उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण ली। उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए शासन द्वारा जारी किए गए आदेश को निरस्त कर दिया और वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार फिर से बहाल हो गए हैं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि उन्हें उच्च न्यायालय पर भूरा भरोसा था कि न्याय मिलेगा और उन्हें न्याय मिल गया। बताया कि उनके अधिवक्ता शशिनंदन ने पूरे मामले को न्यायालय के समक्ष पेश किया था। चेयरमैन श्री साहू ने कहा कि शासन ने शिकायतकर्ताओं के कहने पर एक पक्षीय कार्रवाई की थी। मेरे पक्ष को सुने बगैर जिलाधिकारी ने रिपोर्ट भेजी। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सदर विधायक ने 6 विधायकों को साथ लेकर अनर्गल दबाव बनाया था।

जबरन भाजपाई चोला ओढ़ाना चाहते थे सदर विधायकः मोहन

बांदा, (संवाददाता)। सदर विधायक द्वारा उनके खिलाफकी गई कारगुजारी के बारे में पालिकाध्यक्ष मोहन साहू ने कहा कि उन पर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का दबाव सदर विधायक द्वारा बनाया जा रहा था। लगातार इसके प्रयास किए गए, लेकिन जब वह भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार नहीं हुए तो उनके खिलाफझूठी शिकायतों का ताना-बाना बुनना शुरू कर दिया गया। चेयरमैन ने यह भी कहा कि नगर पालिका के चुनाव में सदर विधायक अपने प्रत्याशी को विजय नहीं दिला पाए, इसको लेकर भी सदर विधायक के मन में मलाल रहता है। इसी के चलते उनके खिलाफझूठी शिकायतें की गईं, शासन स्तर पर अनर्गल दबाव बनाया गया और उनके वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कराए गए।

सेल्समैन को तमंचे की बट मारकर डेढ़ लाख रुपए लूटे

बांदा, (संवाददाता)। शराब ठेके से डेढ़ लाख रुपयों से भरा बैग लेकर बाइक से घर जा रहे सेल्समैन को नदी पुल पर अज्ञात बाइक सवारों ने रोक लिया और तमंचे की बट से हमला करने के बाद रुपयों से भरा बैग लेकर भाग निकले। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। पैलानी निवासी रामकृपाल सिंह भदौरिया पैलानी डेरा में शराब ठेके में सेल्समैन है। वह रात करीब नौ बजे ठेके से डेढ़ लाख रुपया लेकर पैलानी डेरा से वापस घर जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में नदी पुल पर बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोक लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। रुपयों से भरा बैग लूटने लगे। सेल्समैन के विरोध करने पर बदमाशों ने उस पर तमंचे की बट से हमला कर दिया, इससे वह घायल हो गया। इसके बाद बदमाश रुपए से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

युवती ने बेटी संग जहर खाकर कर ली खुदकुशी

⇨ सूने घर में दिया घटना को अंजाम, अस्पताल में मौत

⇨ कालिंजर थाने के बरुआ स्योढ़ा गांव में हुई घटना

बांदा, (संवाददाता)। ससुराल में एक युवती ने अपनी मासूम बेटी को जहरीला पदार्थ पिलाने के बाद खुद भी पी लिया। सूने घर में अंजाम दी गई इस घटना की जानकारी युवती ने खुद पति और परिजनों को दी। जब तक परिजन मौके पर पहुंचे तब तक हालत बिगड़ चुकी थी। मां और बेटी की राजकीय मेडिकल कालेज में मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताते हैं कि पति शराब के नशे में अक्सर तीन बेटियों का ताना युवती को देता था और मारपीट करता था। इसी से परेशान होकर युवती ने एक बेटी को जहरीला पदार्थ पिलाकर आत्महत्या कर ली, जबकि दो बेटियां घर के बाहर खेल रही थीं, इसके चलते उनकी जान बच गई।

कालिंजर थाना क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी रानी (25) पत्नी अजय ने सोमवार की शाम अपनी मासूम बेटी श्रेया (4 माह) को जहर पिलाने के बाद खुद भी जहर गटक लिया। कुछ देर के बाद दोनो की हालत बिगड़ गई। इसी दौरान रानी ने अपने परिजनों और पति को मोबाइल के जरिए जानकारी दी। जब तक परिजन पहुंचे तब तक हालत खराब हो चुकी थी। तत्काल मां-बेटी को जिला अस्पताल लाया गया। वहां रानी को जिला अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। जबकि मासूम बेटी श्रेया की हालत नाजुक देख उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। वहां उपचार होने से पहले मासूम बच्ची की मौत हो गई। जिला अस्पताल में भर्ती रानी की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे भी मेडिकल कालेज रेफर किया। घरवाले रानी को मेडिकल कालेज लेकर गए और भर्ती कराया, वहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मां-बेटी की मौत हो जाने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतका के पिता नत्थू निवासी रिसौरा कोतवाली नरैनी ने बताया कि उसने रानी की शादी 10 मार्च 2016 को की थी। पति अजय अक्सर शराब पीकर रानी के साथ मारपीट करता था। पति की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर उसकी बेटी ने अपनी मासूम बच्ची समेत जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतका के पति अजय ने बताया कि रविवार शाम घरेलू बात को लेकर उसका रानी से विवाद हो गया था। दोनो लोगों ने खाना खाया और सो गए। सुबह वह किसी काम से नरैनी चला गया और माता पिता नंदवारा गांव गए हुए थे। सूना मौका पाकर रानी ने अपनी बेटी समेत जहर खाकर आत्महत्या कर ली। गौरतलब हो कि घटना के समय दो बेटियां श्रृष्टि और शिवानी घर में नहीं थीं, वह पड़ोस में खेलने चली गई थीं, इसलिए उनकी जान बच गई। वरना अनहोनी और भी दर्दनाक हो सकती थी।

बसपा और भाजपा छोड़कर थाना सपा का दामन

⇨ सपा जिलाध्यक्ष ने दिलाई लोगों को सदस्यता

चित्रकूट ब्यूरो। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने बताया कि भाजपा व बसपा के एक दर्जन से भी ज्यादा कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने समाजवादी विचारधारा और अखिलेश यादव की नीतियों से प्रभावित होकर सपा की सदस्य ग्रहण की। सपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलाते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने में असफल रही है तथा प्रदेश में विकास के नाम पर कोई काम नहीं हुआ है। साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा चुकी है। भाजपा सरकार प्रदेश की जनता को कोविड काल में ऑक्सीजन, दवाइयां और बेड तक उपलब्ध नहीं करा पाई। जिससे जनता बहुत नाराज है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विकास परख नीतियों की पूरे प्रदेश के किसानों, नौजवानों, बेरोजगारों, मजदूरों और महिलाओं के बीच चर्चा है। आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता महंगाई बेरोजगारी शिक्षा स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था के मुद्दों को लेकर मतदान करेगी और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी। जिला प्रवक्ता सुभाष पटेल ने कहा कि संविधान, लोकतंत्र, किसान, नौजवान और मजदूर विरोधी सरकार का सफाया होने जा रहा है। इस मौके पर सेक्टर प्रभारी बृजनाथ यादव, कुलदीप यादव, गया सविता, युवा नेता नरेंद्र यादव, तीरथ प्रसाद वर्मा, संजय वर्मा, दिनेश यादव, अंकित, राजकिशोर विश्वकर्मा, सीताराम रैकवार, नीरज यादव, तनुज यादव, राजकिशोर प्रजापति, अनिल यादव, लखनलाल, योगेश, अंजनी कुमार, कुलदीप, धर्मेंद्र यादव, अरविंद कुमार, अमर पटेल, जलाल खान, शिवपूजन पटेल, राधेश्याम निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

सर्दी से किशोरी समेत दो की हालत बिगड़ी

बांदा, (संवाददाता)। शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है। सर्दी लगने से एक किशोरी समेत दो लोगों की हालत बिगड़ गई। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मटौंध थाना क्षेत्र के गोयरा मुगली गांव निवासी वंदना (14) पुत्री बैजनाथ मंगलवार की सुबह घर में काम कर रही थी, तभी सर्दी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, उसके सीने में तेज दर्द होने लगा। घरवालों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसी तरह शहर के आजाद नगर मुहल्ला निवासी रामआसरे (80) घर के बाहर बैठे थे, तभी अचानक सर्दी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ईवीएम वीवी पैट्स का प्रचार-प्रसार कर किया जाएगा जागरूक

बांदा, (संवाददाता)। ईवीएम वीवी पैट्स के प्रशिक्षण और जागरूकता के लिए जिला सत्र न्यायालय में ईवीएम वीवी पैट्स के प्रदर्शन केंद्र की स्थापना की गई है। वहां पर न सिर्फ प्रचार-प्रसार किया जाएगा, बल्कि प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह सिलसिला निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होने तक चलेगा। प्रदर्शन केन्द्र के संचालन के लिए मास्टर टेऊनरों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला एवं सत्र न्यायालय में 21 से 24 दिसम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक राम अभय अवर अभियंता कार्यालय अधिशाषी अभियंता नलकूप खण्ड और अजय कुमार मौर्य अवर अभियंता कार्यालय अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-1 के अलावा चन्द्रशेखर चतुर्थ श्रेणी की ड्यूटी लगाई गई है। मंगलवार से प्रशिक्षण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसी प्रकार जिला मुख्यालय पुलिस लाइन में ईवीएम वीवी पैट्स के प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार किये जाने के लिए जिला मुख्यालय पुलिस लाइन में ईवीएम वीवी पैट्स के प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इसमें मास्टर टेऊनरों की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस लाइन में 22 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जेके नायक अवर अभियंता कार्यालय अधिशाषी अभियंता आरईएस, शिवश्याम अवर अभियंता कार्यालय अधिशाषी अभियंता आरईएस, किशन पाल चतुर्थ श्रेणी की ड्यूटी लगाई गई है।

जिला मुख्यालय विकास भवन में 22 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक प्रशिक्षण दिया जायेगा, वहां पर मास्टर टेऊनर सुनील कुमार अवर अभियंता अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग और वीरेन्द्र कुमार सविता अवर अभियंता और इनके साथ केशव चतुर्थ श्रेणी कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है।

सब्जी विक्रेता को तलवार मारकर किया जख्मी

बांदा, (संवाददाता)। शहर के मर्दननाका अवस्थी चौराहा निवासी रज्जू (31) पुत्र चुनबाद सब्जी मंडी में सब्जी बेचने का काम करता है। मंगलवार की सुबह वह बैगन बेचने के लिए लगाए था। इसी बीच पड़ोसी सब्जी विक्रेता अनीस उससे डेढ़ किलो बैगन लेने के लिए पहुंच गया। रज्जू ने बैगन देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर अनीस उसे गाली-गालौज करने लगा। रज्जू ने इसका विरोध किया। अनीस समेत तीन लोगों ने रज्जू को पहले लात-घूसों से मारपीट कर बेदम कर दिया। इसके बाद उसके सिर पर तलवार से हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। लहूलुहान हालत में रज्जू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

108 एंबुलेंस हेल्पडेस्क बनी सफेद हाथी, कर्मचारी गायब

बांदा, (संवाददाता)। चार दिन की चांदनी, फिर अंधेरी रात। यही मुहावरा सही बैठता है जिला अस्पताल में शुरू की गई 108 एंबुलेंस सेवा हेल्प डेस्क पर। शुरुआत के दो-चार दिन तो हेल्प डेस्क में कर्मचारी बैठे नजर आए, इसके बाद कर्मचारी गायब हो गए। कर्मचारियों के न बैठने से मरीज और तीमारदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्हें एंबुलेंस समय से नहीं मिल पा रही। दुर्घटना में घायल मरीजों को कानपुर और लखनऊ ले जाने के लिए 108 एंबुलेंस सेवा संचालित की गई है। अक्सर मरीजों को लेटलतीफ एंबुलेंस मिलने से तीमारदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती होने वाले मरीजों को आसानी से एंबुलेंस उपलब्ध हो सके। एक पखवारा पहले जिला अस्पताल के सीएमएस डा. एसएन मिश्रा और 108 एंबुलेंस के आपरेशन हेड दिनेश सिंह ने हेल्प डेस्क की शुरुआत की। हेल्प डेस्क में दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

एक लाख से अधिक बच्चों को दी जाएगी विटामिन ए की खुराक

चित्रकूट ब्यूरो। बाल स्वास्थ्य पोषण माह बुधवार से मनाया जाएगा। इसमें नौ माह से पांच साल तक के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के एक लाख 27 हजार से अधिक बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जानी है। इसके लिए तैयारियां पूरी है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में संबंधित अधिकारियों और टीमों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि जिले में 9 से 12 माह तक के 7,442 नवजात बच्चों, एक से दो वर्ष तक के 32,065 बच्चों, दो से पांच वर्ष तक के 88,149 बच्चों सहित कुल एक लाख 27 हजार 656 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नौ से बारह माह तक के बच्चों को आधा चम्मच यानी एक एमएल, एक से पांच साल तक के बच्चों को दो एमएल दवा दी जानी है। उन्होंने बताया कि आईसीडीएस के सहयोग से दवा पिलाने का कार्यक्रम विलेज हेल्थ पोषण माह (वीएचएनडी) पर होगा। इसमें आशा, आंगनबाड़ी और एएनएम अपने-अपने क्षेत्र के बच्चों को दवा पिलाने का काम करेगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मुकेश पहाडी ने बताया कि यह अभियान 22 दिसंबर से 21 जनवरी तक चलेगा। अभियान में यदि कोई क्षेत्र छूट जाता है तो उसके लिए अलग से अभियान चलाकर दवा पिलाने का काम होगा। एक सत्र पर कम से कम तीन बोतलों की आवश्यकता होगी। सभी टीमों को निर्देशित किया गया है कि अभियान में कोरोना गाइडलाइन पालन का पालन करें और सैनिटाइजेशन भी करते रहे। एएनएम को निर्देशित किया गया है कि दवा पिलाने के बाद बच्चों के टीकाकरण कार्ड में भी इसे अंकित करें। विटामिन-ए से प्रतिरोधक प्रणाली मजबूत होती है, स्किन भी सही होती है, हड्डिया और घाव भरने में भी मदद करती है। विटामिन ए शरीर के लिए बहुत जरुरी है। उन्होंने बताया कि एनीमिया से बचाव के लिए इस अभियान के साथ आयरन सीरप भी वितरित किया जाएगा।

दिव्यांग बच्चों के बनाए गए प्रमाण पत्र

पहाड़ी, चित्रकूट ब्यूरो। समग्र शिक्षा अभियान टीम एवं मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा गठित दिव्यांग बोर्ड के सहयोग से पहाड़ी ब्लाक के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा एक से आठ तक के सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों के प्रमाणपत्र बनाने के लिए मंगलवार को बीआरसी पहाड़ी में कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से आर्थोपैडिक सर्जन डॉ संतोष कुमार, साइकेट्रिस्ट डॉ नरेन्द्र देव पटेल, ईएनटी सर्जन डॉ विनोद कुमार, मलेरिया इस्पेक्टर आर के सिंह ने दिव्यांग प्रमाण पत्र व संयुक्त प्रमाण पत्र बनाने का कार्य किया। कैम्प में 63 बालक एवं बालिकाओं का पंजीयन किया गया। जिसके सापेक्ष 21 बच्चों का प्रमाण पत्र, 15 की यूनिक आईडी एवं 16 बच्चों को रिफर किया गया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाडी मिथलेश कुमार, जिला सम्वन्यक समेकित शिक्षा संदीप सिंह, अनिमेष मिश्रा, अनिरूद्ध सिंह, चन्द्रकेश, गुडिया त्रिपाठी सहित शिक्षकों ने प्रतिभाग कर मेडिकल टीम का सहयोग किया।

मिनी बाल क्रीड़ा का आयोजन कर किया बच्चों का उत्साहवर्धन

चित्रकूट ब्यूरो। पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। बीएसए राजीव रंजन मिश्र ने कहा कि गांवों में बच्चों को उचित मार्गदर्शन मिले तो इनमें प्रतिभा की कमी नहीं है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन बीएसए, प्रधानाचार्य पोद्दार इंटर कॉलेज राजीव पाठक और कार्यक्रम के संयोजक खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया। कंपोजिट विद्यालय लोढ़वारा के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। गत वर्ष के चौंपियन अवरेंद्र ने मशाल लेकर मैदान का चक्कर लगाया। बीएसए ने मार्च पास्ट की सलामी ली और ध्वजारोहण किया। इस मौके पर संतोष कुमार सिंह, दयानंद सिंह, महेंद्र सिंह, रमेश कुमार पटेल, अरुण कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र कुमार सिंह, बृजेश सिंह, उमाशंकर सिंह, इंद्रेश कुमार श्रीवास्तव, सीताराम सिंह, प्रेमचंद्र शिवहरे, अशर्फी लाल सिंह, वरुण सिंह, राजेश कुमार सिंह, रामकृष्ण पांडे, संगीता सिंह चंदेल, छाया मिश्रा, वंदना यादव, आराधना सिंह, अनीता परिहार, शकुंतला वर्मा, गोपाल कृष्ण, राममिलन कुशवाहा, संजय अवस्थी, अनिल दीक्षित, लवलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

जिला कारागार का निरीक्षण कर जिला जज ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

चित्रकूट ब्यूरो। जनपद न्यायाधीश रवींद्र नाथ दुबे ने मंगलवार को जिला कारागार का मुआयना किया। उन्होंने बैरकों, भोजनालय व अस्पताल में सफाई व्यवस्था देखी तथा अधिकारियों को सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल भी मौजूद रहे।

कल से किया जाएगा घरौनियों का डिजिटल वितरण

जिले में 456 ग्रामों की 125544 घरौनियों का किया जाएगा वितरण

बांदा, (संवाददाता)। प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार की गई घरौनियों का डिजिटल वितरण 23 दिसम्बर से किया जाएगा। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने सभी उप जिलाधिकारी एवं समस्त तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं कि जनपद में तैयार की गयी घरौनियों के वितरण का कार्यक्रम तहसील स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भौतिक रूप से किया जायेगा। जनपद के अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ वेबलिंग पर कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखा जाएगा। कार्यक्रम के वेबलिंक व समय की सूचना परिषद से प्राप्त होने पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अवगत कराया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश के 15 हजार ग्रामों में तैयार की गई नई 20 लाख घरौनियों का बटन दबाकर डिजिटल वितरण किया जायेगा। प्रधानमंत्री द्वारा बटन दबाते ही सभी सम्बन्धित लाभार्थियों के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से लिंक प्राप्त होगा जिसे खोलकर सम्बन्धित लाभार्थी अपनी घरौनी प्राप्त कर सकेगें। उक्त कार्यक्रम का वेब कास्ट द्वारा सीधा प्रसारण किया जायेगा। जनपद की तहसील बांदा में 76 ग्रामों की 22877, तहसील बबेरू में 152 ग्रामों की 40114, तहसील नरैनी में 136 ग्रामों की 29867, तहसील अतर्रा में 39 ग्रामों की 14762 व तहसील पैलानी में 53 ग्रामों की 17924 घरौनियों का, जनपद में कुल 456 ग्रामों की 125544 घरौनियों का वितरण किया जाना है।

जहर खाने से किशोरी की हालत बिगड़ी

बांदा, (संवाददाता)। पैलानी थाने के खरेई गांव निवासी अनीता (16) ने मंगलवार की सुबह घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हो सकी। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

जनविश्वास मजबूत करने को यात्रा आयोजित करेगी भाजपा

यात्रा प्रमुखों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

चित्रकूट ब्यूरो। उत्तर प्रदेश की जनता से व्यापक स्तर पर संवाद करके जनविश्वास मजबूत करने के लिए भाजपा जनविश्वास यात्रा आयोजित कर रही है। भाजपा जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने बताया कि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र की यात्रा के संयोजक बाबूराम निषाद तथा यात्रा प्रमुख क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू झांसी से यात्रा लेकर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बड़े नेताओं की लगातार सभाओं के माध्यम से जनसंवाद कर रहे हैं।

जिसके तहत चित्रकूट में दो सभायें आयोजित होंगी तथा 25 स्थानों पर भव्य स्वागत कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। जनपद में यात्रा बांदा से आकर रसिन मोड़ से प्रवेश करेगी तथा रात्रि विश्राम रानीपुरभट्ट में करेगी। दोनो विधानसभा की विशाल सभाओं में पूरे जिले के सभी बूथों से भाजपा के समर्थक और कार्यकर्ता भारी संख्या में जुटेंगे। उन्होंने कहा कि 11 मण्डलों के 125 शक्तिकेंद्रों के 862 बूथों पर जनविश्वास यात्रा को लेकर भारी उत्साह है। बताया कि यात्रा के जिला प्रमुख महेन्द्र कोटार्य, मानिकपुर विधानसभा प्रमुख मनोज तिवारी तथा कर्वी विधानसभा प्रमुख प्रेमलाल बाल्मीकी बनाया गया हैं। साथ ही अश्विनी, निर्मलेन्द्र, रामबाबू गुप्त आदि को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने बताया कि जनपद चित्रकूट में यात्रा 22 और 23 दिसम्बर को रहेगी तथा हर स्थान के स्वागत कार्यक्रम के लिये संयोजक तय कर दिये गये गये हैं। इस मौके पर अशोक जाटव, आर के पटेल, जगदीश गौतम, देव त्रिपाठी, रामेन्द्र गौतम, नरेंद्र गुप्ता, श्याम गुप्ता, श्रवण पटेल, सच्चिदानंद गर्ग, रामसागर चतुर्वेदी, अरविंद मिश्र अन्य प्रमुख कार्यकर्ता स्वागत कार्यक्रम के संयोजक हैं।

रोजगार मेला आयोजित कर किया अभ्यर्थियों का चयन

चित्रकूट ब्यूरो। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में मंगलवार को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें जय भारत मारुती उद्योग, ब्लू हाउण्ड सेक्यूरिटी, कालविन मैनेजमेन्ट लिमिटेड, मदरशन, वर्धमान लिमिटेड प्रमुख थी। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की आईटीआई कार्यशाला में कैरियर काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग में प्रधानाचार्य जीआईटीआई विवेक कुमार तिवारी, डायरेक्टर आरसेटी तुलसीराम आदि के द्वारा अभ्यर्थियों को अपनी योग्यता के अनुसार जॉब का चयन करना और निष्ठा, परिश्रम एवं ईमानदारी के साथ रोजगार करने का मार्गदर्शन दिया गया।

ठंड से किसी गरीब को नहीं होनी चाहिए परेशानी : आनंद शुक्ला

मऊ, चित्रकूट ब्यूरो। मानिकपुर विधायक आनंद कुमार शुक्ला ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई गरीब भूखा न सोए और ठंड से किसी को दिक्कत न हो। विधायक ने मंगलवार को मऊ तहसील क्षेत्र के गरीबों को कंबल वितरित किए।

इस मौके पर आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों की बेहतरी के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। अफसरों की जिम्मेदारी है कि इन सभी का लाभ आम आदमी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पूरी पारदर्शिता के साथ विकास कार्य कराएं हैं और इनका लाभ भी नजर आ रहा है। उन्होंने इस मौके पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निदान का आश्वासन दिया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला, नायब तहसीलदार घासीराम, मंडल अध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश मिश्र बालाजी, पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवाकांत बलुआ और लेखपाल व प्रधान आदि मौजूद रहे। लगभग दो सौ ग्रामीणों को कंबल बांटे गए।

स्काउट गाइड के बच्चों ने चलाया सफाई अभियान

चित्रकूट ब्यूरो। उत्तर मध्य रेलवे स्काउट-गाइड के बच्चों ने मंगलवार को रामघाट में मंदाकिनी नदी और चित्रकूटधाम रेलवे स्टेशन परिसर में सफाई अभियान चलाया। साथ ही जागरूकता रैली भी निकाली।

बच्चों ने यातायात नियमों से संबंधित संकेतक तख्तियों के माध्यम से जनता को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का प्रदर्शन किया। राज्य प्रमुख आयुक्त नवीन कुमार व सहायक राज्य सचिव आदेश मिश्र के मार्ग निर्देशन में उत्तर मध्य रेलवे द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस मौके पर आरपीएफ निरीक्षक सचिन कुमार राठी, उपनिरीक्षक वी के मिश्रा, उमेश चंद्र कुशवाहा, रेखा मिश्र, रविकांत शर्मा, अपर्णा मिश्रा, संजय चतुर्वेदी, पंकज राज कनौजिया, मंजू जोशी, श्रीकांत मिश्रा, राजबली शर्मा, दिनेश कुमार सहित स्काउट के छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

मऊ एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने किया प्रदर्शनी का निरीक्षण

मऊ, चित्रकूट ब्यूरो। पं. पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कालेज में लगी प्रदर्शनी का मंगलवार को उपजिलाधिकारी नवदीप शुक्ला व सीओ सुबोध गौतम ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा जाए। एसडीएम ने कहा कि प्रदर्शनी क्षेत्र में सफाई दुरुस्त रखी जाए तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी ध्यान रखा जाए। सीओ ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए। कहा कि अगर किसी को दिक्कत हो, तो वह 112 डायल करें। दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों की देखभाल स्वयं करें और सीसीटीवी कैमरे लगाएं। प्रदर्शनी संचालक अनमोल गुप्ता ने बताया कि यहां 28 दिसंबर तक सस्ते दामों में सामानों की बिक्री की जाएगी।

तीन आरोपियों पर लगाया गया मिनी गुंडा एक्ट

चित्रकूट ब्यूरो। पुलिस ने तीन आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। प्रभारी निरीक्षक भरतकूप दुर्गेश कुमार गुप्ता ने गुंडागर्दी के आरोप में सुरोहित पुत्र जमुना प्रसाद निवासी रामपुर माफी, प्रमोद कुमार पुत्र किशोरी वर्मा निवासी भगवतपुर और संता कोल पुत्र भगवानदीन निवासी अमर ज्योति डफाई मजरा अकबरपुर के विरुद्ध मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक अमर जीत सिंह द्वारा मे0 हरिओम प्रिंटर्स, हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से मुद्रित एवं हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। संपादक- अमर जीत सिंह, मो0- 9455231344, आर0एन0आई0पंजी0सं0- UPHIN/2014/60049

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अन्तर्गत उज़रदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद फतेहपुर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

प्रधानमंत्री ने संगम की रेती से महिला सशक्तिकरण को दी उड़ान

⇨ चुनाव में भाजपा की जीत के लिए मांगा आशीर्वाद, दिलाया आगे बढ़ने का संकल्प ⇨ बेटियों की शादी की उम्र को लेकर विपक्ष पर भी साधा निशाना

प्रयागराज, (संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को संगम की रेती से पूरे देश को महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं, बैंकिंग कारेस्पांडेंट सखी, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों और स्वयं सहायता समूहों की तरफ से संचालित पुष्टाहार उत्पादन इकाइयों को करोड़ों रुपयों की सौगात देकर नारी सशक्तिकरण को नई उड़ान दी। साथ ही मातृशक्ति से संवाद कर एक अभिभावक की भांति उन्हें सफलता के लिए प्रेरित भी किया। महिलाओं को सहायता प्रदान करने के क्रम में प्रधानमंत्री ने 1,000 करोड़ रुपये की धनराशि स्वयं सहायता समूहों के खातों में अंतरित किया, जिससे स्वयं सहायता समूहों की लगभग 16 लाख महिला सदस्यों को फायदा होगा। यह अंतरण दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के तहत किया गया, जिसके अनुसार प्रति समूह 1.10 लाख रुपये के हिसाब से 80 हजार समूहों को समुदाय निवेश निधि (सीआईएफ) तथा 15 हजार रुपये प्रति स्वयं सहायता समूह के हिसाब से 60 हजार समूहों को परिचालन निधि प्राप्त हो रही है। प्रधानमंत्री द्वारा 20 हजार बीसी सखियों (बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेन्ट सखी) के खातों में पहले महीने का 4,000 रुपये मानदेय हस्तांतरित किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना के तहत उन्होंने एक लाख से अधिक लाभार्थियों को 20 करोड़ से अधिक की धनराशि भी हस्तांतरित किया। साथ ही 202 पूरक पोषण निर्माण इकाइयों की आधारशिला भी उन्होंने रखी। इन इकाइयों का वित्तपोषण स्वसहायता समूह कर रहे हैं तथा इनके निर्माण में प्रति इकाई के हिसाब से लगभग एक करोड़ रुपये का खर्च बैठेगा। यह इकाइयां राज्य के 600 प्रखंडों में एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) के तहत पूरक पोषण की आपूर्ति करेंगी।

नारी गरिमा और स्वाभिमान के लिए काम कर रही उप्र सरकार:योगी

पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनते ही प्रधानमंत्री मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था। उसका परिणाम आज हम सब देख रहे हैं। महिलाओं को अधिकार दिलाने में मोदी सरकार ने बहुत बड़े-बड़े कार्य किये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ महिलाओं को दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रत्येक गांव में स्वामित्व योजना के तहत अधिकतर महिलाओं के नाम भूमि की जा रही है। आज मै कह सकता हूं कि आधी आवादी को अधिकार मिल रहा है। राज्य के प्रत्येक गांव में बैंकिंग सखी काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 2017 में जब मुझे मुख्यमंत्री बनाया गया तो प्रधानमंत्री जी ने हम से कहा था कि प्रदेश में महिलाओं और पुरुषों के अनुपात को सुधारना है। हमारी सरकार ने मुखविर योजना के तहत भ्रूण हत्या पर विराम लगाया। कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के दौरान अलग-अलग चरणों में 15 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। संगम नगरी में मातृ शक्ति का संगमें देखने को मिल रहा है। आज मजबूती से कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री के अनुरूप प्रदेश सरकार नारी गरिमा और उनके स्वाभिमान के लिए पूरी सिद्दत से काम करेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज की धरती पर ही सफाई कर्मियों का पैर धुले थे। बाबा विश्वनाथ धाम के लोकॉर्पण कार्यक्रम में श्रमिकों पर पुष्प वर्षा कर प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मान किया था। आज मातृ शक्ति को के बारे में अपने विचार व्यक्त करेंगे। प्रयागराज की सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने प्रधानमंत्री समेत सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, उप्र के कैबिनेट मंत्री डा. महेंद्र सिंह, मोती सिंह, सिद्धार्थनाथ सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, स्वाति सिंह व गुलाबो देवी एवं सांसदों में हेमा मालिनी, केशरी देवी पटेल, सीमा द्विवेदी और प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

भाजपा की जीत का आशीर्वाद मांगा

मोदी ने अपने करीब आधे घंटे के संबोधन में मातृशक्ति से चुनाव में भाजपा की जीत का आशीर्वाद भी मांगा। दरअसल उप्र में कुछ समय बाद ही विधानसभा का चुनाव है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी की जमकर तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मां-बहनों के आशीर्वाद से अब यूपी को कोई अंधकार में नहीं धकेल सकता। संबोधन से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं सहायता समूह, बैंकिंग कारेस्पांडेंट सखी (बीसी सखी) और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना की कुछ महिलाओं और बेटियों से सीधा संवाद भी किया। इस दौरान एक अभिभावक की तरह उन्होंने लाभार्थियों से व्यक्तिगत बात की। कुछ महिलाएं अपने छोटे बच्चों के साथ कार्यक्रम में आई थीं। प्रधानमंत्री ने बच्चों को अपनी गोदी में लेकर उन्हें दुलारा और पुचकारा।

विपक्ष पर भी साधा निशाना

बेटियों की शादी की न्यूनतम उम्र के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि बेटियों की शादी की उम्र 18 साल थी। वे भी चाहती हैं कि उन्हें भी आगे बढ़ने के लिए समय मिले। इसलिए शादी की उम्र 21 साल करने का प्रयास किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि देश यह फैसला बेटियों के लिए कर रहा है, लेकिन किसको इससे तकलीफ हो रही है, यह सबको पता है।

रायपुर एवं गुंतकल मंडल में रेल विद्युतीकरण पूर्ण होना महत्वपूर्ण उपलब्धि

प्रयागराज, (संवाददाता)। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज की सिकंदराबाद परियोजना द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मण्डल में आने वाले, बालोद से दल्ली राझरा (24 आरकेएम) खण्ड एवं दक्षिण मध्य रेलवे के हैदराबाद डेकन नामपल्ली तथा गुंतकल मण्डल के गदवाल से रायचूर (57.7 आरकेएम) खण्ड का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण करने के उपरान्त आज सीआरएस निरीक्षण का कार्य पूर्ण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल किया है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी के मुताबिक बालोद से दल्ली राझरा खण्ड के विद्युतीकरण होने से मरौदा से दल्ली राझरा तक का रेल मार्ग अब पूर्ण रूप से विद्युतीकृत हो गया है। अब इस खण्ड पर विद्युत इंजन की 17 रेलगाडियां निर्वाध रूप से चल सकेंगी। यह खण्ड भिलाई स्टील प्लांट को जोड़ता है जिसे लौह अयस्क की अधिक मात्रा की हाई एचपी विद्युत इंजन द्वारा कम समय में सप्लाई की जा सकती है। मरौदा से दल्ली राझरा रेल मार्ग के विद्युतीकृत होने में लगभग 116.35 करोड़ रुपये की लागत आई है। गदवाल से रायचूर खण्ड के विद्युतीकरण होने से वाडी से गुंतकल तक का रेल मार्ग अब पूर्ण रूप से विद्युतीकृत हो गया है। अब इस खण्ड पर विद्युत इंजन की 8 रेलगाडियां निर्वाध रूप से चल सकेंगी तथा लोकल ईएमयू ट्रेनों का संचालन किया जा सकेगा। यह खण्ड रायचूर थर्मल पावर स्टेशन को जोड़ता है जिससे कोयले की सप्लाई क्षमता में वृद्धि होगी। गदवाल से रायचूर रेल मार्ग के विद्युतीकृत होने में लगभग 54.91 करोड़ रुपये की लागत आई है। कोर के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह ने सिकंदराबाद परियोजना की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि कोर ब्रॉडगेज रेल-मार्गों को 2023 तक पूर्ण रूप से विद्युतीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उसी दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

जिलाधिकारी ने गरीबों को वितरित किए कंबल

बांदा, (संवाददाता)। कड़ाके की पड़ रही ठंड के बीच जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया और अलाव भी देखे। इसके बाद जिलाधिकारी ने गरीबों को कंबलों का वितरण किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए जाएं। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने सोमवार रात सार्वजनिक स्थल, चौराहो पर अलाव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संकट मोचन मंदिर, रोडवेज, रेलवे स्टेशन, महेश्वरी देवी मंदिर के पास अलाव जलते हुए पाए पाए। डीएम ने निरीक्षण के दौरान पाए गए गरीब, असहाय व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए संकट मोचन मंदिर के पास शकुन्तला, श्याम राजपूत, रामदास, गुड्डो, रामलाल, बैजनाथ, दयाराम, गोरादास, नत्थूलाल एवं रेलवे स्टेशन में कल्ली, रहू देवी, सरोज, श्याम, बाबूलाल, माया, रामानंद, हरीदास, ममता तथा महेश्वरी देवी मंदिर के पास मटोल प्रसाद आदि आदि लोगो को कंबल वितरण गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमाकांत त्रिपाठी व तहसीलदार सदर पुष्पक उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को दी यातायात नियमों की जानकारी

बांदा, (संवाददाता)। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। मंडलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा डा. पीयूष मिश्र ने विद्यार्थियों को हेलमेट, सीट बेल्ट के साथ ही गाड़ी चलाने एवं शिक्षकों से बिना हेलमेट के विद्यालय न आने का अनुरोध किया। एआरटीओ शंकरजी सिंह ने कविता के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं बच्चों को एक आदर्श विद्यार्थी बनने का संकल्प दिलाया। अंत में शपथ देकर सभी को नियमों के अनुपालन करने का दायित्व सौंपा गया।

एडीएम ने किया गौशाला का निरीक्षण, व्यवस्थाएं देखीं

नरैनी, (संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी ने नगर पंचायत की गौशाला का निरीक्षण कर गायो को ठंड से बचाव करने का निर्देश दिया। यहा चल रहे धान क्रय केंद्र भी देखे। मोतियारी गांव की मंडी समिति में संचालित नगर पंचायत की अस्थाई गौशाला से प्रशासन द्वारा एक पखवारा पहले लगभग तीन सौ गायो को ट्रको में भरकर सीमावर्ती मध्यप्रदेश के पहाड़ी खेरा के जंगलों में छोड़ा गया था अधिकारियों की लापरवाही के कारण तीन दर्जन से अधिक गायो की मौत हो गई थी कार्यवाही से बचने के लिए कई जिंदा गायो को जेसीबी से खुदाई कर दफन कर दिया गया था।एसडीएम और नगर पंचायत के इओ का निलंबन इस मामले में किया जा चुका है।घटना के बाद पहली बार अपरजिलाधिकारी इसी गौशाला में पहुचे।यहा 39 गाये मौके पर मिली एडीएम ने नगर पंचायत के इओ अभिमन्यु सिंह को निर्देश दिए कहा गायो को ठंड से बचाने के लिए बोरा पट्टी बांध कर बचाइए।भूसा तो पर्याप्त मिला लेकिन आटा या अन्य राशन नही था कहा राशन की व्यवस्था तत्काल करायी जाए। इसी मंडी समिति में 5 धान क्रय केंद्र संचालित है। एडीएम ने सभी पांचों केंद्र प्रभारियों से बात की और कहा कि कोई किसान बगैर धान बेंचे वापस न लौटने पाए।

जनविश्वास यात्रा में उमड़ा जनसमूह, जोरदार हुआ स्वागत

⇨ सूबे को विकास की राह पर लेकर जा रहे हैं योगी ⇨ मटौंध और शहर में जोरदार तरीके से हुआ स्वागत

बांदा, (संवाददाता)। जनता का विश्वास जीतने तथा आशीर्वाद पाने के लिए निकली भाजपा की जन विश्वास यात्रा का बांदा की सीमा मटौध पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामकेश निषाद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ वहां उपस्थित विशाल जन समुदाय द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

मंगलवार को भाजपा की जन विश्वास यात्रा ने जनपद के मटौध, केन पथ- क्योटरा, महाराणा प्रताप चौक होते हुए मुरवल, बबेरू, बिसंडा, बेलगांव, गुरेह होते हुए बांदा में विश्राम किया। यात्रा के दौरान आमजन द्वारा पुष्प वर्षा तथा ढोल नगाड़ों की थाप तथा भारत माता की जय और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में चल रहे बांदा के प्रभारी मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सुशासन की स्थापना करते हुए, विकास की राजनीति कर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का कार्य आप ही की बदौलत हो रहा है। अगर आप भाजपा को बहुमत के साथ चुनकर न भेजते तो यह असंभव था। प्रदेश से जंगलराज का खात्मा कर कानून का राज स्थापित करना चुनौती थी। जिसे सूबे की सरकार ने स्वीकार किया और प्रदेश को माफिया राज, गुंडा राज से मुक्ति दिलाई। बुंदेलखंड में पीने के पानी की पुरातन समस्या को गंभीरता से लेते हुए हर घर नल योजना चलाकर घर घर नल के माध्यम से पानी पहुंचाने का काम बड़ी तेजी से हो रहा है। बुंदेलखंड के बांदा चित्रकूट से जाने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे यहां की भाग्य रेखा साबित होगी। जो यहां का औद्योगिकरण तो करेगी ही, यहां के युवाओं को रोजगार के भारी अवसर प्रदान करेगी। वहीं यहां के व्यापार, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल परिवर्तन लाएगा। हमीरपुर महोबा तिंदवारी सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। प्रभु श्रीराम और छत्रपति शिवाजी हमारे पूर्वज हैं, हमारे पूज्य हैं। उन्हीं के आदर्शों पर इस राष्ट्र का निर्माण करना है।

इस अवसर पर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बाबूराम निषाद, बुंदेलखंड क्षेत्र यात्रा प्रभारी रामकिशोर साहू, जिला भाजपा प्रभारी कमलावती सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकेश निषाद, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक राजकरण कबीर, बबेरू विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, प्रदेश मीडिया प्रभारी हरीशचंद्र श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट प्रशांत उमराव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल, तथा सुधीर सिंह, बुंदेलखंड विकास बोर्ड उपाध्यक्ष अयोध्या सिंह पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, लवलेश सिंह, महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, जिला महामंत्री तथा यात्रा जिला संयोजक संजय सिंह, जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता, अखिलेश नाथ दीक्षित तथा कल्लू सिंह राजपूत, मनोज पुरवार, धर्मेंद्र त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, रामकरण सिंह बच्चन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह एवं महेंद्र महेंद्र सिंह वर्मा, प्रभाकर अवस्थी, पंकज रैकवार, दिलीप गुप्ता, अजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ साथ जनसमूह उपस्थित रहा।

चार लाख रुपए का कर्ज बचाने के लिए मित्र ने की थी कारोबारी मुकेश सिंह की हत्या

क्राइम ब्रांच और मोहनलालगंज पुलिस ने किया वारदात का खुलासा 2 गिरफ्तार

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ कमिश्नरेट के दक्षिण जोन अंतर्गत मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में 4 दिन पूर्व हुए कारोबारी मुकेश सिंह हत्याकांड का डीसीपी दक्षिण की क्राईम टीम ने मोहनलालगंज पुलिस के साथ मिलकर खुलासा करते हुए कारोबारी मुकेश सिंह का अपहरण कर उनकी हत्या करने वाले गोपाल खेड़ा मोहनलालगंज के ही रहने वाले हीरा सिंह और अंकुर पाल को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए हीरा सिंह ने मुकेश सिंह की हत्या का अपराध कारित करने का पुलिस के सामने इकरार करते हुए बताया कि उसे मुकेश सिंह को 4 लाख रुपए देने थे इसलिए उसने 4 लाख रुपए बचाने के लिए अपने मित्र अंकुर पाल के साथ मिलकर 16 दिसंबर को गोपाल खेड़ा के पास से मुकेश का अपहरण कर क्लच वायर से हत्या कर उसके शव को निर्माणाधीन आउटर रिंग रोड के पास फेंक दिया था। 18 तारीख को अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए हत्या के मुकदमे की जांच जब मोहनलालगंज पुलिस ने शुरू की तो पुलिस को कामयाबी मिलने में देर नहीं लगी। पुलिस ने मुकेश सिंह की हत्या करने वाले चेहरों को बेनकाब करते हुए हीरा सिंह और अंकुर पाल को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा कर दिया है। आपको बता दें कि 16 तारीख को कारोबारी मुकेश सिंह का हीरा सिंह और अंकुर पाल के द्वारा उस समय अपहरण किया गया था जब वह अपने पुत्र को मोटरसाइकिल से लेने के लिए गए थे दूसरे दिन मुकेश सिंह का शव आउटर रिंग रोड के पास बरामद हुआ था मुकेश के परिजनों की तहरीर पर 18 दिसंबर को अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था और मुकदमा दर्ज करने के महज 72 घंटों के अंदर ही मोहनलालगंज पुलिस ने क्राइम ब्रांच और सर्विलांस टीम की मदद से इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जेल में दुरुस्त मिले इंतजाम, बंदियों को ठंड से बचाएं

❑ जिला जज और डीएम-एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण



बांदा, (संवाददाता)। मंगलवार को जिला जज के साथ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मंडल कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों को का हाल भी देखा और बंदियों से भी बात की। व्यवस्थाएं काफी हद तक दुरुस्त नजर आई। न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों ने ठंड के मौसम में बंदियों का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब हो कि मंडल कारागार में अक्सर अव्यवस्थाएं हावी रहती हैं। बंदियों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जेल अधिकारी सिर्फ हवाहवाई दावे करते नजर आते हैं। मंगलवार को जनपद न्यायाधीश गजेंद्र कुमार, डीएम अनुराग पटेल व एसपी अभिनंदन ने मंडल कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जेल अधिकारियों को दिए और सुरक्षा व्यवस्था को परखा। न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि ठंड के मौसम में बंदियों का विशेष ध्यान दिया जाए। ठंड से बचाव के लिए अलाव जलवाए जाएं और बंदियों को कंबल भी जरूरत के मुताबिक उपलब्ध कराए जाएं।

कप्तान ने परखीं निर्माण कार्य की प्रगति

निरीक्षण के दौरान एसपी ने मातहतों को दिए निर्देश

बांदा, (संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने मंगलवार को पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपैड के आसपास के क्षेत्रों, प्रदेश के डिप्टी सीएम के लिए बन रहे अस्थाई सेफहाउस, ग्राउंड की बाउंड्री वाल, निर्माणाधीन नवीन सलामी मंच तथा दर्शक दीर्घा का बरीकी से निरीक्षण किया। गौरतलब हो कि 22 से 25 दिसंबर तक पुलिस लाइन में अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए क्रिकेट पिच का भी निर्माण किया जा रहा है। पुलिस कप्तान ने पिच का निरीक्षण करते आवश्यक दिशा-निर्देश अपने मातहतों को दिए। वहीं आयोजित होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशांबी, महोबा, हमीरपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज जनपद की टीमें प्रतिभाग करेंगी। निरीक्षण के दौरान सीओ सिटी राकेश कुमार सिंह, कार्यालय अंबुजा त्रिवेदी उपस्थित रहीं।

रोजगार मेले में 311 बेरोजगार हाथों को मिला रोजगार

⇨ 14 कंपनियों ने रोजगार मेले में किया प्रतिभाग

बांदा, (संवाददाता)। आईटीआई में मंगलवार को मिशन रोजगार योजना के तहत सेवायोजन कार्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें मौजूद युवक और युवतियों को मुख्य अतिथि बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद पटेल ने संबोधित किया और आशीर्वचन दिए। रोजगार मेले में 14 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में 311 बेरोजगार हाथों को रोजगार मिला। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद बांदा के मुख्य विकास अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। रोजगार मेले में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक राम मूर्ति, एसपी पाण्डेय, नीरज गुप्ता एवं संस्थान के प्रेम कुमार, मुख्य मेला प्रभारी, राम बदन पटेल एवं मोहम्मद शरीफ एमआईएस मैनेजर, महात्मा गांधी नेशनल फेलो जतिन तोमर, मंजू यादव, पूजा, ललिता त्रिपाठी, रेनू निगम, दयाराम, पीके सोनी इत्यादि ने सक्रिय भूमिका निभाई। संस्थान के नोड्ल प्रधानाचार्य आरके मौर्य ने ाुगन्तकों का आभार व्यक्त किया गया।

असलहे के साथ वीडियो वायरल कर पुलिस की नींद उड़ाने वाला युवक गिरफ्तार

नशे की हालत में खुद वीडियो बनवा कर किया था सोशल मीडिया पर वायरल

लखनऊ, संवाददाता। सोमवार की दोपहर सोशल मीडिया पर असलहे का प्रदर्शन कर वीडियो वायरल करने पुलिस की नींद उड़ाने वाले युवक को ठाकुरगंज पुलिस ने वीडियो वायरल होने के महज 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर तमंचा बरामद कर लिया है। अवैध असलहे के साथ ठाकुरगंज पुलिस ने अमन विहार कॉलोनी गली नंबर 4 ठाकुरगंज के रहने वाले रोहित अग्निहोत्री उर्फ गोलू पंडित को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज हरिशंकर चंद ने बताया कि आज सुबह असलहे के साथ रिंग रोड कब्रिस्तान के करीब से गिरफ्तार किए गए गोलू पंडित ने बताया कि उसने यह असलहा अपने गांव बांगरमऊ उन्नाव के गढ़ी से 6 हजार रुपए में खरीदा था और नशे की हालत में उसने तमंचे के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर खुद ही वायरल किया था। उन्होंने बताया कि तमंचे के साथ गिरफ्तार किए गए रोहित अग्निहोत्री का कोई पुराना आपराधिक इतिहास अभी तक पता नहीं चला है गोलू ने असलहा किससे खरीदा था इसकी भी जानकारी की जा रही है। आपको बता दें कि सोमवार की दोपहर सोशल मीडिया पर एक युवक का देसी तमंचे के साथ वीडियो वायरल हुआ है जिसमें युवक तमंचे की नाल खोलकर उसे घुमा फिरा कर दिखाता हुआ नजर आया था। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर ठाकुरगंज पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की और महज 24 घंटों के अंदर ही उसे गिरफ्तार कर हवालात में पहुंचा दिया। सोशल मीडिया पर सोमवार को जो वीडियो के साथ एक मैसेज वायरल हुआ था उसमें आज गिरफ्तार किए गए युवक का नाम और पता भी दर्शाया गया था सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो और मैसेज पुलिस के द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट से भी मिलता जुलता ही पाया गया है जिससे यह साबित हो गया है कि सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो और मैसेज सच पर आधारित था। चौकी इंचार्ज रिंग रोड राकेश चौरसिया का कहना है कि असलहे का प्रदर्शन करने वाले रोहित अग्निहोत्री ने कुछ लोगों के नाम बताए हैं जिनकी तलाश की जा रही है उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि रोहित के द्वारा बताए गए लोगों की गिरफ्तारी के बाद अवैध असलहो की खरीद-फरोख्त के कारोबार का खुलासा होने की उम्मीद है उन्होंने स्पष्ट तौर से कहा है कि अवैध असलाहो की खरीद-फरोख्त का कारोबार ठाकुरगंज क्षेत्र में तो नहीं किया जा रहा है लेकिन रोहित अग्निहोत्री के गांव गढ़ी बांगरमऊ में इस कारोबार के फैले होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है जिसकी जांच लगातार की जा रही है।

चार दिन बाद थमी सपा नेताओं के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी, नहीं हुई कोई बरामदगी

लखनऊ, संवाददाता। यूपी आगामी विधानसभा चुनाव 2022 से पहले समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के करीबी दिग्गज नेताओं के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी हुई है। जिसमें लखनऊ के विशाल खण्ड-2 स्थित जैनेंद्र यादव नीटू के आवास पर छापेमारी हुई। तो वहीं, महानगर स्थित कारोबारी राहुल भसीन के घर पर आईटी विभाग की यह कार्रवाई 60 घण्टे अधिक चलने के बाद मंगलवार को समाप्त हो गई है। जानकारी के मुताबिक जैनेंद्र यादव नीटू के घर से 1.02 लाख रुपये नगद और 400 ग्राम सोना मिला है। तो वहीं, राहुल भसीन के घर भी कोई पैसा नहीं मिला है। हालांकि, अभी इस बात की अधिकारी पुष्टि नही हुई है कि आखिर इन नेताओं के घर से क्या कुछ बरामदगी की गई है। छापेमारी के बाद से लगातार सपा नेताओं की ओर से दावा किया जा है कि उनके यहां से आयकर विभाग की अफसरों को रेड के दौरान कुछ नहीं मिला। जैनेंद्र यादव उर्फ नीटू का दावा है कि उनके घर से इनकम टैक्स विभाग कुछ नहीं मिला। बताया जा रहा है नीटू के मुताबिक, उनके घर से केवल 1.02 लाख कैश, 400 ग्राम सोना मिला है। तो वहीं, राहुल भसीन उर्फ जगत का कहना है कि उनके घर भी इनकम टैक्स विभाग की टीम को कुछ नहीं मिला। करीब 15 से 16 घंटे तक सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव राय के घर आयकर विभाग की छापेमारी चली, जो रात करीब 12 बजे के आसपास खत्म हुई। राजीव राय की माने तो, उनके घर से सिर्फ टीम ने मौके से करीब साढ़े 17 हजार रुपए के अलावा मोबाइल कॉल डिटेल, ईमेल, हार्ड डिक्स, कंप्यूटर सहित कुछ कागजात जब्त किए है। सूत्रों की माने तो, बीते सोमवार को लखनऊ में राहुल और जैनेंद्र के घर से आयकर विभाग ने दस्तावेज जप्त किए थे। इसमें पिछली सरकार में कई फर्मो को दिए गए ठेकों और उनसे लेन-देन का ब्यौरा है। इसके साथ ही आईटी टीम इन दोनों के बैंक डिटेल को खंगालने के लिए बैंक पहुंची थी। जहां पर इन दोनों के खाते और लॉकर हैं। बताया जा रहा है कि टीम ने बैंक लॉकर को भी चेक किया है।

कृषि रसायनों पर अध्ययन तथा ड्रोन के उपयोग को मिलेगा बढ़ावा

⇨ जीबी पंत युनिवर्सिटी ऑफएग्रीकल्चर एण्ड ⇨ टेक्नोलॉजी के साथ धानुका एग्रीटेक ने मिलाया हाथ

लखनऊ, संवाददाता। एग्रो-कैमिकल फर्म धानुका एग्रीटेक ने फसलों की सुरक्षा करने वाले रसायनों पर संयुक्त अध्ययन के लिए पंतनगर की गोविंद वल्लभभाई युनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एण्ड टेक्नोलॉजी के साथ एक एमओयू साईन किया। युनिवर्सिटी की ओर से एक्सपेरिमेन्ट स्टेशन के डायरेक्टर डॉ अजीत सिंह नैन ने तथा धानुका एग्रीटेक लिमिटेड की ओर से वाईस प्रेजीडेन्ट (आर एण्ड डी) डॉ अजीत सिंह तोमर ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत धानुका एग्रीटेक और युनिवर्सिटी फसलों की उत्पादकता और उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेंगे। कंपनी और युनिवर्सिटी एक साथ मिलकर फसलों की सुरक्षा करने वाले रसायनों पर संयुक्त रूप से अध्ययन करेंगे। एमओयू के तहत कृषि विस्तार सेवाओं के लिए जागरुकता प्रोग्राम का आयोजन भी किया जाएगा।किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों जैसे ड्रोन के उपयोग, आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स एवं प्रेसीजन कृषि के बारे में जानकारी दी जाएगी। एमओयू के तहत धानुका एग्रीटेक सम्मेलन में हिस्सा लेगा और इसे स्पॉन्सर भी करेगा। साथ ही पीजी छात्रों को छात्रवृत्ति भी देगा। पंत युनिवर्सिटी के साथ इस एमओयू के बारे में बात करते हुए श्री आर. जी. अग्रवाल, ग्रुप चेयरमैन, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने कहा, ''जीपी पंत जैसे संस्थान के साथ यह साझेदारी कृषि एवं इससे जुड़ी अन्य गतिविधियों में अनुसंधान को बढ़ावा देने में मददगार होगी। इसके लिए हम अनुसंधान कार्य करने वाले प्रतिभाशाली पीजी छात्रों को छात्रवृत्ति भी देंगे। हम पंत युनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित सम्मेलन एवं किसानों के प्रशिक्षण प्रोग्राम में हिस्सा लेंगे तथा इसे स्पॉन्सर भी करेंगे।' श्री अग्रवाल ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा। युनिवर्सिटी अपने फार्म्स एवं किसानों के खेतों में धानुका के नए प्रोडक्ट्सध् मोलीक्यूल्स का प्रदर्शन परीक्षण भी करेगी। इन परीक्षणों के परिणामों का उपयोग व्यवहारिक प्रक्रियाओं में किया जाएगा। साथ ही साथ यह एमओयू किसानों के द्वारा एआईध्एमएल तकनीकों के उपयोग को भी प्रोत्साहित करेगा। कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग पर जोर दिया जाए